नई दिल्ली

शुक्रवार 22 मई 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 33
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अल बद्र संगठन से जुड़ा था हमजा, भारत में 2017 से प्रतिबंधित है यह संगठन

## पीओके में ढेर हुआ पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड आतंकी हमजा बुरहान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

जैसी करनी, वैसी भरनी...यह कहावत 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान पर बिल्कुल सटीक बैठी है। जिसकी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना मुजफ्फराबाद के एआईएमएस कॉलेज के बाहर हुई, जिसमें कुछ अज्ञात हमलावरों ने उसे गोलियों से भून डाला और उसके बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



पुलवामा हमले में आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदी एक कार से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रही सीआरपीएफ की बस पर टक्कर मार दी थी। जिसके बाद हुए भीषण विस्फोट में बल के कुल 40 जवानों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के पाले हुए जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी संगठन ने ली थी। भारत ने इस हमला का बदला पाकिस्तान में मौजूद जैश के आतंकी ठिकानों, प्रशिक्षण शिविरों को मटियामेट करने के लिए ⏩शेष पेज 5 पर

5 देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे पीएम मोदी

# दिल्ली आते ही ली मंत्रिपरिषद की अहम बैठक, हर मंत्री के 'रिपोर्ट कार्ड' पर बात

पीएम ने विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज, अब तक लिए गए फैसलों और उनके नतीजों की विस्तृत समीक्षा की

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 देशों की अपनी महत्वपूर्ण कूटनीतिक यात्रा पूरी करने के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं। दिल्ली पहुंचते ही प्रधानमंत्री ने बिना समय गंवाए 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस साल मंत्रिपरिषद की यह पहली बैठक है, जो कई मायनों में बेहद अहम मानी जा रही है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब आगामी 9 जून को मोदी सरकार अपने



कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे करने जा रही है, जिससे राजनीतिक गलियारों में जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि आम जनता के कल्याण के लिए हर क्षेत्र में सुधार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज, अब तक लिए गए फैसलों और उनके नतीजों की विस्तृत समीक्षा की। यह बैठक मौजूदा वैश्विक संकट के दौर में हुई है, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। यही वजह है कि सरकार कच्चे तेल की कीमतों, ईंधन की निर्बाध आपूर्ति और बढ़ती लागत जैसी गंभीर चिंताओं पर पैनी नजर बनाए हुए है।

### सरकार बोली- देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच भारत सरकार ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और ईंधन वितरण व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी।

### फारस की खाड़ी में नाविक सुरक्षित

सरकार ने बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 72 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या भारतीय चालक दल वाले विदेशी जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। मंत्रालय ने अब तक 3,316 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी में मदद की है, जिनमें पिछले 72 घंटों में लौटे 99 नाविक भी शामिल हैं। पिछले तीन दिनों में करीब 1.32 करोड़ सिलेंडरों की बुकिंग के मुकाबले 1.34 करोड़ सिलेंडर वितरित किए गए।

इस महीने 28 से 31 मई तक भारत में किया जाना था भव्य आयोजन

# अफ्रीका में तेजी से फैलता इबोला वायरस स्थगित हुआ भारत-अफ्रीका मंच सम्मेलन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भारत में 28 से 31 मई तक आयोजित किए जाने वाले चौथे भारत-अफ्रीका मंच सम्मेलन (आईएएफएस-4) को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। जिसकी वजह बीते कुछ वक्त से अफ्रीका महाद्वीप में तेजी से फैलता इबोला वायरस का प्रकोप है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक साझा प्रेस बयान के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इस मामले पर अफ्रीकी पक्ष के साथ जारी व्यापक बातचीत के क्रम में आम सहमति से यह तय किया गया है कि अब इस सम्मेलन को उसकी पूर्व निर्धारित तारीखों के ⏩शेष पेज 5 पर

- अफ्रीका में इबोला से अब तक हो चुकी हैं 131 मौतें, संदिग्ध मामलों की संख्या 500 से अधिक
- भारत के लिए फिलहाल राहत की बात, अभी तक सामने नहीं आया एक भी मामला



**अफ्रीका को सहयोग के लिए प्रतिबद्ध भारत:** *भारत की सरकार और अफ्रीकी संघ इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर पिछले कुछ समय से बेहद निकटता के साथ काम कर रहे थे। जिसमें अफ्रीका के कुछ भागों में तेजी से उभरते हुए स्वास्थ्य संबंधी हालातों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। भारत ने समूचे महाद्वीप में* ⏩शेष पेज 5 पर

### संबंधों का आधार शांति-समृद्धि

मंत्रालय ने कहा कि भारत और अफ्रीका के बीच दीर्घकालिक साझेदारी है। जिसकी नींव सद्भावना, साझा सम्मान, दक्षिण-दक्षिण सहयोग और वहां के लोगों की शांति, विकास और समृद्धि को लेकर बनी हुई संयुक्त प्रतिबद्धता जैसे बिंदुओं पर टिकी हुई है। भारत ने इस मुश्किल वक्त में अफ्रीका के लोगों और सरकार को हर संभव मदद प्रदान करने का वादा किया है। सम्मेलन को तय तारीखों के स्थान पर आगे बढ़ाने के निर्णय से पहले भारत की कोशिश यह थी कि अफ्रीका महाद्वीप के सभी देशों के नेताओं ⏩शेष पेज 5 पर

### इबोला से हो चुकी कई मौतें

गौरतलब है कि अफ्रीका महाद्वीप में फैलते इबोला वायरस के बंडीबुग्यो स्ट्रेन के भीषण प्रकोप को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे 'अंतरराष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपातकाल' के रूप में घोषित किया है। कांगो और युगांडा में इससे अब तक कुल करीब 131 लोगों की जान चली गई है। जबकि 500 से ज्यादा संदिग्ध मामले सामने आए हैं। वायरस से फैलते संक्रमण को लेकर अफ्रीका के अलावा दुनिया के अन्य देशों में भी चिंता बढ़ने लगी है। जिसमें भारत भी शामिल है। इबोला के उपचार से जुड़ी हुई वैक्सीन भी अभी पूरी तरह से उपलब्ध नहीं है। वायरस मानव शरीर के तरल संपर्क से फैलता है और इसके शुरुआती लक्षण फ्लू जैसे होते हैं, जो बाद में प्राणघातक रूप ले सकते हैं। वैश्विक स्तर पर डब्ल्यूएचओ की तरफ से इसे लेकर सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

इस वर्ष जून से शुरू होकर अगस्त महीने तक चलेगी यह यात्रा

## कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाएंगे 1 हजार यात्री, जयशंकर ने निकाला ड्रा



हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

इस बार जून महीने से शुरू हो रही पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 के लिए 1 हजार यात्रियों का चयन किया गया है। जिसका कंप्यूटर से ड्रा गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने निकाला है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ड्रा की यह प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटर द्वारा संचालित, पारदर्शी, रैंडम और लैंगिक समानता पर आधारित रही है। चुने गए यात्री 20 बैच में उत्तराखंड के लिपुलेख और सिक्किम के नाथुला से अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे। जिसमें प्रत्येक में क्रमशः 50-50 लोगों को शामिल किया जाएगा।

बताते चलें कि भारत और चीन के बीच वर्ष 2020 में फैले कोरोना वायरस और उसके बाद पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हुए सैन्य विवाद की वजह से बीते ⏩शेष पेज 5 पर




### खबर संक्षेप

#### नीट पेपर लीक मामले में लातूर का डॉक्टर गिरफ्तार

**लातूर।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लातूर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज शिरुरे को पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर शिरुरे ने अपने बेटे के लिए लीक हुआ नीट का प्रश्न पत्र खरीदा था।



#### रनवे से टकराई एयर इंडिया विमान की टेल

**बेंगलुरु।** दिल्ली से बेंगलुरु पहुंचे एयर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा (टेल) लैंडिंग के दौरान रनवे से टकरा गया। हादसे के वक्त विमान में पायलट और क्रू मेंबर्स सहित 179 लोग सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। बाद में विमान को जांच के लिए ग्राउंडेड किया गया।



राजधानी में आग के पीछे असामाजिक तत्वों की आशंका

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की हाईलेवल सुरक्षा समीक्षा एआई निगरानी और सीसीटीवी नेटवर्क बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

पिछले दिनों राजधानी एक्सप्रेस में जिस तरह आग लगी विशेषज्ञ हैरान हैं। बड़ा हादसा टला। जान की हानि नहीं हुई। मगर रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव सतर्क हो गए हैं। घटना की समीक्षा रेल मंत्री ने खुद की। रेलवे के फील्ड अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक करते हुए रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

रेल मंत्रालय के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आगजनी घटना के पीछे असामाजिक तत्वों की संलिप्तता सामने आने के संकेत मिले हैं। मंत्रालय ने कहा कि इन घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है। हर एंगल से जांच की जा रही है। बैठक में रेलवे सुरक्षा तंत्र को अधिक प्रभावी और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने फील्ड स्तर पर इंटेलिजेंस जुटाने की व्यवस्था को मजबूत करने, रिपोर्टिंग सिस्टम को बेहतर बनाने और संवेदनशील गतिविधियों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने पर चर्चा की। रेल मंत्रालय ने बताया कि रेलवे नेटवर्क में सीसीटीवी कैमरों का दायरा बढ़ाने, कैमरों की गुणवत्ता को अपग्रेड करने और एआई आधारित निगरानी एवं मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और रेलवे परिचालन सुरक्षा को और अधिक सक्षम बनाने पर भी फोकस किया गया।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि आधुनिक तकनीकों की मदद से रेलवे परिसरों, ट्रेनों और संवेदनशील रूटों पर रियल टाइम निगरानी ⏩शेष पेज 5 पर

महिला कांग्रेस ने जांच दोबारा खोलने की मांग की, बोली- सबूत मिटाने की हुई कोशिश

## 'हाथरस 16 डेज़' डॉक्यूमेंट्री के बाद फिर गरमाया हाथरस कांड

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

महिला कांग्रेस ने चर्चित हाथरस गैंगरेप मामले की जांच दोबारा शुरू करने और नए सिरे से जांच कराने की मांग की है। महिला कांग्रेस का कहना है कि हाल ही में जारी डॉक्यूमेंट्री "हाथरस 16 डेज़" में ऐसे खुलासे हुए हैं, जो पूरे मामले में प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने उत्तर प्रदेश की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि 2020 के हाथरस गैंगरेप मामले में दलित पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाय सबूत मिटाने और मामले को कमजोर करने की कोशिश की गई। अलका लांबा ने कहा कि 14 सितंबर 2020 को दलित युवती के साथ गैंगरेप हुआ था और बाद में 29 सितंबर को दिल्ली के में उसकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि 30 सितंबर की रात करीब ढाई बजे प्रशासन ने परिवार की गैरमौजूदगी में पीड़िता के शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। उन्होंने याद दिलाया कि पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे और को भी पुलिस ने रास्ते में रोक दिया था। ⏩शेष पेज 5 पर



राजनाथ बोले, ये स्मारक भारतीय सेना के साहस, मानवीय सेवा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता है

# कोरियाई युद्ध में भरे थे घायल सैनिकों के घाव... सियोल में भारतीय युद्ध स्मारक का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

2026 में मनाई जा रही कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ पहले के मुकाबले कुछ ज्यादा ही खास है। क्योंकि सियोल के इमजिनगैक पार्क में बनाए गए 'भारतीय युद्ध स्मारक' का गुरुवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण-कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया है। यह स्मारक युद्ध के दौरान भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस



और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया (सीएफआई) के साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों ने सैनिकों को भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की। इसी के साथ रक्षा मंत्री की वियतनाम, दक्षिण-कोरिया की चार दिवसीय विदेश यात्रा का समापन हुआ।

**'मरून एंजल्स' की उपाधि दी गई :** रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्ध के दौरान भीषण गोलीबारी के बीच 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस के नेतृत्व में लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.ए.जी.रंगराज (महावीर चक्र विजेता) ने हजारों की संख्या में घायल हुए सैनिकों और नागरिकों का उपचार किया। जिससे उन्होंने आम कोरियाई लोगों के बीच काफी प्रशंसा ⏩शेष पेज 5 पर

### एमओयू पर किए हस्ताक्षर

युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित करने और उनके बीच आदान-प्रदान को सशक्त बनाने के मकसद से दोनों मंत्रियों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सैनिकों के निस्वार्थ बलिदान की याद में एक संस्मरण भी जारी किया गया। रक्षा ⏩शेष पेज 5 पर



## रोहिणी में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

# झड़प के बाद दो नाबालिगों की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



रोहिणी इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में दो नाबालिगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना में इनका एक साथी घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सूचना है कि इस मामले में एक नाबालिग आरोपी को पकड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार देर शाम को रोहिणी के सेक्टर-20 में हुई, जहां सुल्तानपुरी इलाके के तीन किशोर एक अन्य लड़के का पता लगाने पहुंचे थे, जिस पर उन्हें इस साल की शुरुआत में अपने एक साथी की हत्या में शामिल लोगों को पनाह देने का संदेह था। पुलिस ने बताया कि हथियारों से लैस तीनों नाबालिग उस लड़के को नहीं ढूंढ पाए और बाद में इलाके के एक स्थानीय परिवार के सदस्यों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। विवाद के दौरान युवकों ने कथित तौर पर एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट की, जिससे दोनों घायल हो गए। जब तीनों लड़कों ने भागने की कोशिश की तो घायल महिला के बेटे और इलाके के कुछ अन्य लोगों ने उनका पीछा किया। पीछा करने के दौरान भाग रहे लड़कों में से एक के हाथ से चाकू कथित रूप से फिसल कर गिर गया। पुलिस ने बताया कि प्रतिद्वंद्वी गुट के 14 वर्षीय लड़के ने कथित तौर पर वह चाकू उठा लिया और दो नाबालिगों पर हमला कर दिया, जिससे एक की गर्दन और दूसरे के पेट व छाती पर चाकू लगा। दोनों गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण सड़क पर गिर गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि झड़प में घायल हुए तीसरे लड़के का इलाज किया जा रहा है। फॉरेंसिक टीम से भी अपराध स्थल का निरीक्षण करवाया गया है। इस सिलसिले में एक नाबालिग को पकड़ा गया है।

### गोविंदपुरी में मां-बेटे की हत्या, लूटपाट का संदेह

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी इलाके में बुधवार देर रात 38 वर्षीय महिला और उसके 13 वर्षीय बेटे की घर के अंदर चाकू से हमलाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को जानकारी देते हुए कहा कि वारदात के पीछे लूटपाट की आशंका है। मृतकों की पहचान शारदा साहू और सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले किशोर के रूप में हुई है। दक्षिण-पूर्वी जिले के डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना बुधवार रात एक बजकर 11 मिनट पर मिली। फल व सब्जियां बेचने का काम करने वाले शिकायतकर्ता विष्णु साहू रात करीब साढ़े 12 बजे जब घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर उन्हें अपनी पत्नी और बेटे के शव मिले, जिन पर चाकू से वार के कई निशान थे। पुलिस का कहना है कि घर की अलमारियों से कुछ नकदी और आभूषण गायब थे। ऐसे में अंदेशा है कि लूटपाट के मकसद से हत्या की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल का मुआयना करने और साक्ष्य जुटाने के लिए अपराध व फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया। पुलिस ने हत्या और लूट का मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की है।

### शकूरपुर में संपत्ति विवाद में झगड़ा, चाचा की मौत, भतीजा घायल

**नई दिल्ली।** उत्तरी पश्चिमी जिले के शकूरपुर इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर हुए झगड़े के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में मृतक का भतीजा घायल बताया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि बुधवार को सुभाष प्लेस थाना क्षेत्र की जेजे कॉलोनी से चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को 34 वर्षीय दीपक घायल अवस्था में और उसके चाचा राजेश (53) अचेत अवस्था में मिले। दोनों को तुरंत भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों के बीच पारिवारिक संपत्ति को लेकर झगड़ा हुआ था। परिवार के सदस्यों के अनुसार झगड़े के दौरान राजेश ने दीपक के पेट में चाकू घोंप दिया और इसके बाद राजेश सीढ़ियों से गिर गया और उसकी मौत हो गई। दीपक का उपचार जारी है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू कब्जे में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## नकदी छीनने के आरोप में तीन गिरफ्तार, 2.15 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पंजाबी बाग थाना अंतर्गत मादीपुर चौकी पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में एक व्यक्ति से पांच लाख रुपये छीनने के आरोप में एक हिस्ट्रीशीटर समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2.15 लाख रुपये नकद और अपराध में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार यह घटना 10 मई को रिपोर्ट हुई थी, जब शिकायतकर्ता अपने मकान मालिक की ओर से पांच लाख रुपये पश्चिम पंजाबी बाग में एक व्यक्ति को देने जा रहा था। जैसे ही वह निर्धारित स्थान पर पहुंचा और संबंधित व्यक्ति की पत्नी से संपर्क किया, दो अज्ञात लोग नकदी छीन भाग गए थे। पंजाबी बाग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई थी। जांच के दौरान, पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पहचान होने के बाद सुनील कश्यप नाम के एक संदिग्ध को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान सुनील ने खुलासा किया कि उसने मोहम्मद मोनिस, रितिक उर्फ गोलू, आसिफ उर्फ आशु और भूरा नामक एक अन्य साथी के साथ मिलकर नकदी के बारे में पूर्व सूचना प्राप्त करने के बाद अपराध को अंजाम देने की साजिश रची थी। पुलिस ने बाद में मोनिस और आसिफ को दिल्ली के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। आसिफ को 19 मई को विकासपुरी से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, मोनिस (31) रनहोला थाने का बीसी है और उस पर लूट और झपटमारी के कई मामले दर्ज हैं।

### तमंचा लहराते हुए नाबालिग को रील बनानी पड़ी महंगी

**नई दिल्ली।** बुराड़ी में तमंचा लहराते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में 16 साल के लड़के को हिरासत में लिया गया है। किशोर सोशल मीडिया पर फॉलोअर को प्रभावित करने के लिए तमंचा लहराते हुए वीडियो डालता था। उसके पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 13 और 14 मई की दरमियानी रात को पुलिस को सूचना मिली कि लड़का बुराड़ी के सुंदर विहार में घूम रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने छापा मारा और नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि उसने लगभग 10 दिन पहले उत्तर प्रदेश के हाथरस के एक दोस्त से कट्टा खरीदा था। पुलिस के मुताबिक वह इस तमंचे का इस्तेमाल सोशल मीडिया पर रील बनाकर अपलोड करने के लिए करता था ताकि अपने फॉलोअर का ध्यान आकर्षित कर सके। कट्टा बेचने वाले व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश में पुलिस जुटी है।

## सिरसपुर में दो गोदामों में आग लगी, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के सिरसपुर इलाके में दो गोदामों में बृहस्पतिवार दोपहर आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुये बताया कि 23 दमकल वाहन मौके पर भेजे गये थे। पुलिस ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के प्रयास किये जा रहे थे।

डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर करीब 3.50 बजे मिली। शुरुआत में चार दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। लेकिन आग तेजी से फैली और बाद में कुल 23 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। शाम साढ़े सात बजे तक आग पर काबू पाने का प्रयास जारी थे। दमकल विभाग से पता चला कि दो गोदामों में आग लगी थी। एक गोदाम इंक पेपर व दूसरा कैल्सियम कार्बोनेट पाउडर का बताया गया है।

**■ रघुबीर नगर में चार्जिंग स्टेशन में लगी आग**

उधर पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर इलाके में बृहस्पतिवार को एक बैटरी चार्जिंग स्टेशन में आग लग गई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दमकल अधिकारियों के अनुसार आग उस दुकान में लगी, जिसका इस्तेमाल एक चार्जिंग स्टेशन के रूप में किया जा रहा था। इससे इलाके में दहशत फैल गई। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और दिल्ली पुलिस की टीमों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आग लगने के सटीक कारण का अभी पता नहीं चल सका है।

## सामूहिक बलात्कार और धर्म परिवर्तन के बाद जबरन शादी का आरोप, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जामिया नगर में 23 वर्षीय महिला द्वारा अपहरण, सामूहिक बलात्कार और धर्म परिवर्तन के बाद जबरन शादी के आरोपों के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप कुल छह लोगों पर था, जिनमें एक महिला भी शामिल है। केस में मुख्य आरोपी फिलहाल उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित डासना जेल में किसी दूसरे मामले में बंद है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके सोशल मीडिया पर दूसरे धर्म की महिला से दोस्ती की। यह मामला 14 मई को तब सामने आया जब महिला ने पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उसे अगवा कर लिया गया और धर्म परिवर्तन के बाद आरोपी से जबरन शादी करा दी गई। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी ने 2021 से 2025 के बीच उसका यौन उत्पीड़न किया। शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी हथियारों के अवैध व्यापार में भी शामिल था। अब तक पुलिस टीम द्वारा की गई छापेमारी में कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। मुख्य आरोपी की ट्रांजिट हिरासत भी पुलिस ने प्राप्त की है और उसे जांच के लिए दिल्ली लाया गया है। टीमें आरोपी को घटनास्थल पर भी ले जाएंगी ताकि घटनाओं के क्रम को समझा जा सके।

## बढ़ती महंगाई और बिगड़ी अर्थव्यवस्था ने आम लोगों के सपनों को कुचलाः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा की गई दूध, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और गैस के दामों में एक के बाद एक बढ़ोतरी और अर्थव्यवस्था की बिगड़ी हालत के बीच दिल्ली कांग्रेस ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इसे जनता की लूट का नया अध्याय बताते हुए सवाल किया – क्या अब गरीब का बच्चा दूध पीना भी भूल जाए? क्या मां-बहनें चूल्हा जलाने के लिए भी कर्ज लें? लगता है अब आम आदमी को अब सांस लेने के लिए भी टैक्स भरना पड़ेगा। इसी मामले पर करावल नगर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी सरकार पर तीखे सवाल पूछते हुए कहा कि बीजेपी सरकार की लूट ने आम आदमी को रुला दिया है। पेट्रोल 97.77, डीजल 90.67 प्रति लीटर पहुंच गया। सीएनजी 2 महंगा होकर 79.09 हो गया। दूध 2 लीटर महंगा। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत भी आसमान छू रही है। ये वही सरकार है जो चुनाव से पहले 'अमृत काल' की बात करती थी और अब जनता की जेब काट रही है। जब देश की अर्थव्यवस्था सरकार की नीतियों से चरमरा गई है तो प्रधानमंत्री जी स्वयं जनता से सोना न खरीदने, पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करने और विदेश यात्राएं टालने की अपील कर रहे हैं। क्या यह सरकार की नाकामी का स्वीकारोक्ति नहीं है?आदेश भारद्वाज ने भावुक अपील करते हुए कहा, "कल्पना कीजिए कि एक गरीब मध्यम वर्गीय सुबह पेट्रोल महंगा होने से स्कूटर पर दफ्तर नहीं पहुंच पाता, उसकी बीवी रसोई में गैस जलाने के लिए परेशान है और बच्चा दूध महंगा होने से भूखा सो जाता है। बस यही हकीकत आज दिल्ली और पूरे देश की है। मोदी सरकार ने न सिर्फ अर्थव्यवस्था बिगाड़ दी, बल्कि आम आदमी के सपनों को भी कुचल दिया है।₹ आदेश ने मांग करते हुए कहा कि "हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि तुरंत दाम घटाओ, सब्सिडी दो और जनता पर बोझ कम करो। अगर नहीं किया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और जनता के साथ मिलकर इस तानाशाही फरमानों और अन्याय के खिलाफ न्याय मिलने तक गरीबों, लाचारों, मजदूरों और आम जनों की लड़ाई लड़ती रहेगी।

## महिला घर में मृत मिली, आत्महत्या का शक

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के पश्चिम विनोद नगर में 38 वर्षीय एक महिला बृहस्पतिवार सुबह अपने घर में मृत मिली। पुलिस ने बताया कि महिला के आत्महत्या करने का शक है। शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मामले को लेकर परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पूर्वी दिल्ली के डीसीपी राजीव कुमार ने बताया कि महिला की पहचान राकेश कुमार की पत्नी गीता ठाकुर के रूप में हुई है। मंडावली थाने में सुबह करीब 9:50 बजे कथित आत्महत्या के संबंध में सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान महिला के गले पर रस्सी के निशान दिखे। घटनास्थल से एक दुपट्टा भी बरामद किया गया है और घटना में इसके इस्तेमाल होने का संदेह है। पुलिस ने आगे की जांच के लिए दुपट्टे को जब्त कर लिया गया है। बरामद सामग्री को वैज्ञानिक विश्लेषण के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार महिला का विवाह एक अक्टूबर 2025 को हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि परिवार के सदस्यों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी पहलुओं की जांच के साथ ही कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक, पुत्रः** दया राम, **निवासीः** म.नं. एम–39, जे.जे. कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 334/2022, U/s 12/9/55 Gambling Act, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 334/2022, U/s 12/9/55 Gambling Act, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6591/NW/2026
(Court Matter)

**भारतीय रेल**

"सार्वजनिक सूचना"

यह सभी रेलवे लाइन एवं परिसर उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उत्तरी रेलवे के निम्नलिखित पूर्ण खंड में स्थापित 25 केवी. 50 हर्टज ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को नीचे दर्शाई गई तिथि को अथवा उसके बाद विद्युतित (Energize) किया जाएगा। उक्त तिथि से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को सदैव विद्युत प्रवाहित (Live) माना जाएगा तथा कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के निकट न जाए एवं न ही उसके आसपास कोई कार्य करे।

| खंड | टीकेएम तिथि |
| --- | --- |
| मोहरी स्टेशन पर डाउन लूप लाइन (CH:187/242.942 से 187/313.524 तक), अप लूप लाइन (CH:187/205.542 से 187/262.00 तक) के विस्तार तथा 02 संख्या 25KV/230V, 25 KVA सहायक ट्रांसफार्मर (स्थान संख्या AT/1T एवं AT/2T) की स्थापना सहित क्रॉसओवर एवं टर्नआउट के प्रावधान हेतु, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे की विद्यमान लाइनों में संशोधन के संबंध में 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज OHE का विद्युतिकरण कार्य। | 0.313<br>31.05.2026 |

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/विद्युत/जीएसयू
उत्तरी रेलवे, नई दिल्ली

1688/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ट्रक एंव छोटे बड़े मालवाहकों की तीन दिवसीय चक्का जाम हड़ताल शुरू, नहीं दिखा खास असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार से ट्रक एवं छोटे बड़े मालवाहकों की तीन दिवसीय चक्का जाम हड़ताल शुरू हो गई है। इस हड़ताल में अधिकांश टैक्सी और ऑटो संगठन शामिल नहीं हुए, जिससे यात्रियों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं हुई। कुछ टैक्सी और ऑटो संगठनों ने जरूर हड़ताल में हिस्सा लिया लेकिन इनका असर न के बराबर देखने को मिला। ट्रक एंव छोटे बड़े मालवाहकों की हड़ताल का आह्वान ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने कहा कि हड़ताल का पहला दिन कामयाब रहा है। क्योंकि इस हड़ताल में 20 लाख से अधिक गाड़ियों ठप हो रही हैं। जिससे दिल्ली, गाजियाबाद, फरीदाबाद, नोएडा, गुरुग्राम सहित अन्य क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन पूरी तरह टूटने व कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है। पहले ट्रक एंव छोटे बड़े मालवाहकों के हड़ताल पर चले जाने से आजादपुर मंडी सहित दिल्ली एनसीआर की अन्य मंडियों व थोक बाजारों में माल की आवाजाही पर शुरूआती फर्क पड़ा है। लेकिन इसका व्यापक असर शुक्रवार से दिखाई देगा। जबकि शनिवार को हड़ताल का तीसरा दिन और उसके बाद रविवार को लगभग अवकाश के चलते खाने पीने से लेकर अन्य जरूरत के सामान की दिक्कत हो सकती है। हड़ताल को लेकर एआईएमटीसी के अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने कहा कि ट्रांसपोर्टर्स को मजबूरन यह कड़ा कदम उठाना पड़ा है। क्योंकि अब ट्रांसपोर्ट व्यवसाय करना बर्दाश्त से बाहर हो चुका है। पहले सरकार महंगी गाड़ियां यह कहकर गाड़ियां बेचती है कि बीएस फॉर गाड़ियां प्रदूषण करती हैं इसलिए बीएस सिक्स तकनीक अपनाएं। इन बीएन सिक्स गाड़ियों को 11 लाख रुपये महंगा बेचा गया। इन गाड़ियों का रखरखाव खर्च 10 हजार रुपये प्रति माह अधिक है। सभरवाल ने बताया कि जब दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने पर ग्रैप लागू होता है, तो इन बीएन सिक्स गाड़ियों को प्रतिबंध से बाहर रखा जाता है। क्योंकि ये प्रदूषण नहीं करतीं। लेकिन हैरानी की बात है कि इन्हीं गाड़ियों से रोजाना दिल्ली प्रवेश पर भारी-भरकम पर्यावरण मुआवजा शुल्क (ईसीसी) वसूला जा रहा है, जो सरकार के खुद के अपने नियमों के उलट दोहरा मापदंड है, जिससे कारोबार बंद करने की नौबत आ रही है। सभरवाल ने सरकार को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के चलते हमारे ट्रक तीन दिन दिल्ली में प्रवेश नहीं करेंगे। ऐसे में देखना चाहते हैं कि दिल्ली के प्रदूषण स्तर में कितना सुधार होता है। उनका आरोप है कि दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का ठीकरा हमेशा कमर्शियल वाहनों पर ही फोड़ा जाता है, जबकि असल वजह और भी बहुत हैं। हड़ताल को लेकर दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के महामंत्री राजेंद्र सोनी का दावा है कि ट्रक एवं छोटे बड़े मालवाहकों की यह हड़ताल पूरी तरह फेल साबित हुई है।

## सिविल सेवा के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए डीएमआरसी ने मेट्रो परिचालन का समय बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने रविवार यानी 24 मई 2026 को सभी मेट्रो लाइनों पर सुबह 6 बजे से पहली मेट्रो सेवाएं शुरू होंगी। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए लाइन 7 मतलब पिंक लाइन मजलिस पार्क से शिव विहार तक, लाइन 8 मैजेंटा लाइन यानी कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से बॉटनिकल गार्डन तक और दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक और लाइन 9 मतलब ग्रे लाइन, यानी ढांसा बस स्टैंड से द्वारका तक के सभी टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 6 बजे से मेट्रो ट्रेन सेवाएं शुरू हो जाएगी। यह अस्थायी परिवर्तन अन्य लाइनों के समय के अनुरूप किया गया है। आमतौर पर रविवार को इन तीनों लाइनों पर सेवाएं सुबह 7 बजे शुरू होती हैं। लेकिन परीक्षा के चलते इस रविवार को इन लाइनों पर भी सेवाएं सुबह 6 बजे से शुरू की जा रही हैं। नई व्यवस्था के तहत सुबह 7 बजे तक हर 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी। लेकिन इसके बाद सामान्य रविवार की समय-सारिणी के अनुसार पूर्व की भांति सामान्य ट्रेन सेवाएं चलती रहेंगी। यह विशेष व्यवस्था सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के उम्मीदवारों को उनके परीक्षा केंद्रों तक समय पर पहुंचने के लिए, उनके आवागमन को सुगम बनाने हेतु की गई है। अन्य सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं हर रविवार की सामान्य समय-सारिणी के अनुसार ही चलती रहेंगी, जो सुबह 6 बजे से शुरू होंगी।

## एलजी से मिलने का सिलसिला जारी, सांसद सहित अन्य गणमान्य लोग कर रहे शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली।** मार्च माह में नियुक्त किए गए दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से विभिन्न क्षेत्र के लोगों को मिलना जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को लोकसभा सांसद मनोज तिवारी, राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल, शिक्षा जगत से जुड़े प्रथम मित्तल सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने मुलाकात की। इस बारे में लोक निवास सचिवालय का कहना है कि शिष्टाचार भेंट करने वालों का आना जाना लगा हुआ है। इनमें दिल्ली सहित भारत के अलग अलग राज्यों से आने वाली विभिन्न हस्तिया, खेल जगत के सितारे, देश में अमेरिका, रूस, जापान सहित अन्य देशों के राजदूत आदि शामिल है। तरनजीत सिंह ने 12 मार्च 2026 को दिल्ली के 23 वें उपराज्यपाल के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी।

### साढ़ू की हत्या के आरोप में व्यक्ति दबोचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी मेट्रो स्टेशन के पास अपने साढ़ू की हत्या करने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जिसने कथित तौर पर परिवार में चल रहे वैवाहिक विवादों से जुड़े झगड़े के बाद राजा कुमार की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, 13 मई को वजीराबाद थाने को बुराड़ी मेट्रो स्टेशन के पास एक गड्ढे में एक शव होने की सूचना मिली। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बांठिया ने बताया कि एक टीम मौके पर पहुंची और आंशिक रूप से सड़ा हुआ शव बरामद किया जिस पर चोट के निशान साफ दिख रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान, पीड़ित की पत्नी बबीता ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन सपना का अपने पति जितेंद्र कुमार से वैवाहिक विवाद चल रहा था और वह पिछले एक महीने से उनके घर पर रह रही थी। पुलिस ने बताया कि 10 मई की शाम को जितेंद्र अपनी पत्नी से मिलने बबीता के घर आया, जहां दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान राजा ने जितेंद्र को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी बाद में राजा को स्कूटर पर बिठाकर बुराड़ी मेट्रो स्टेशन की ओर ले गया और उसके बाद राजा का कोई पता नहीं चला।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | डीएच हिसार जिला हिसार में ई.आई. (वैद्युत कार्य) की विशेष मरम्मत (केवल ब्लॉक-ए के लिए एयर कूलर इत्यादि का प्रावधान)। | 13.05.2026<br>26.05.2026 | 20.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय कन्या महाविद्यालय, मंगाली, जिला हिसार का निर्माण (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 13.05.2026<br>28.05.2026 | 21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | वर्ष 2026–2027 हेतु वैद्युत सब डिवीजन, जीन्द के तहत विभिन्न वैद्युत उपकरण के लिए एएमसी + 2 कार्य। | 20.05.2026<br>27.05.2026 | 48.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655<br>pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | गांव बनियानी में एज पेविंग रास्ता (2 अदद) पर सूखी ईंट का निर्माण + 1 कार्य। | 20.05.2026<br>27.05.2026 | 41.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150<br>prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा में प्रारम्भ की तिथि से 24 माह के लिए मुख्यतः मोटर, पम्प, विद्युत नियंत्रण पैनल, स्टार्टर, केबल और सभी एक्सेसरीज स्लुइस वॉल्व्ज, नॉन रिटर्न वॉल्व्ज स्पेशल्ज इत्यादि निहित नलकूपों के लिए सबमर्सिबल पम्पिंग सैट्स का वार्षिक रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 20.05.2026<br>09.06.2026 | 91.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925<br>ee2sirsa@gmail.com |
| 6 | महिला एवं बाल विकास हिसार | डीपीओ और डब्ल्यूसीडीपीओएस के कार्यालय के वाहन को किराये पर लेना। | 17.05.2026<br>01.06.2026 | 33.75 लाख | https://wcdhry.gov.in/ | 9466150800<br>pohsr.wcd@gmail.com |
| 7 | महिला एवं बाल विकास भिवानी | वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु कार्यालय उपयोग के लिए वाहन को किराये पर लेना। | 21.05.2026<br>04.06.2026 | 3.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015484549<br>pobhw.wcd@gmail.com |
| 8 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | कंज्यूमेबल्स आइटम्स ईसीजी पेपर्स की अधिप्राप्ति हेतु निविदा + बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत में 4 अन्य कार्य। | 22.05.2026<br>02.06.2026 | ईएमडी 48000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9050668500<br>bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2027/160/45462/I/88/7 दि. 21.05.26

### राशन कार्ड सेवाएं अब होंगी पूरी तरह डिजिटल

# नए राशन कार्ड बनने शुरू, आय सीमा ढाई लाख करेगी सरकार: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लगभग 13 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में बड़े नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया 15 मई से दोबारा शुरू कर दी गई है। वहीं योजना में अधिक परिवारों को जोड़ने के लिए दिल्ली सरकार दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम 2026 के तहत राशन कार्ड के लिए अनिवार्य वार्षिक पारिवारिक आय सीमा को 1 लाख 20 हजार से बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार करेगी। इस बाबत कैबिनेट में शीघ्र ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रैसवार्ता में दी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने कार्यभार संभालने के बाद राशन वितरण व्यवस्था का व्यापक ऑडिट कराया, जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आईं। जांच में कुल 7 लाख 71 हजार 384 अपात्र और फर्जी लाभार्थी पाए गए। इनमें 6 लाख 46 हजार 123 लोग निर्धारित आय सीमा से अधिक आय वाले थे इसलिए राशन पाने के पात्र नहीं थे। इसके अलावा 95 हजार 682 ऐसे लाभार्थी मिले जिन्होंने पिछले एक वर्ष से राशन लिया ही नहीं था। वहीं, 6 हजार 185 मामलों में मृत व्यक्तियों के नाम राशन रिकॉर्ड में दर्ज थे और 23 हजार 394 लाभार्थी ऐसे पाए गए जो एक से अधिक स्थानों से राशन का लाभ ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटाने के बाद बड़ी संख्या में स्थान खाली हुए हैं। इससे करीब 7 लाख 72 हजार नए पात्र लोगों को राशन कार्ड जारी करने का रास्ता साफ हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए राशन कार्ड के लिए 3 लाख 72 हजार 367 आवेदन और राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए 99 हजार 501 आवेदन लंबित हैं। चूंकि समय के साथ लोगों के निवास, आय और पात्रता की स्थिति बदल सकती है, इसलिए सभी आवेदकों को मौजूदा नियमों और नई पात्रता शर्तों के अनुसार फिर से आवेदन करने का अवसर दिया जा रहा है।



#### आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले परिवार की आय संबंधी जानकारी केवल स्व-घोषणा (सेल्फ डिक्लेरेशन) के आधार पर स्वीकार की जाती थी। लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत राशन कार्ड के लिए आवेदन करते समय परिवारों को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, नवीनतम आय प्रमाण पत्र और परिवार के सभी सदस्यों का आधार विवरण जमा करना होगा। इससे पात्रता की सही जांच हो सकेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकेगा।

#### ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर राशन कार्ड के आवेदन की प्रक्रिया शुरू

मुख्यमंत्री ने बताया कि कि 15 मई 2026 से ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल (**edistrict.delhigovt.nic.in**) के माध्यम से नए राशन कार्ड और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जा चुके है। इसके अतिरिक्त पहले से जमा किए गए पुराने आवेदन पत्रों को आवेदकों के लॉगिन प्रोफाइल पर वापस भेजा गया है। आवेदक वर्तमान 'फैमिली इनकम सर्टिफिकेट' और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ इन्हें दोबारा अपडेट कर जमा कर सकते हैं।

#### बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन से होगा राशन वितरण, नहीं होगी धांधली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम 2026 लागू कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 2013 के प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किया है। इसके तहत राशन वितरण व्यवस्था में बड़े स्तर पर डिजिटल सुधार किए गए हैं। राशन दुकानों पर पारंपरिक वजन मशीनों की जगह ई-वेइंग मशीनें लगाई जा रही हैं और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। अब बिना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के राशन वितरण नहीं होगा, जिससे कम राशन मिलने और गड़बड़ियों की शिकायतों पर रोक लगेगी।

## बारिश से पहले 75 स्कूलों में लगेगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने जल संरक्षण को लेकर विशेष कदम उठाते हुए 75 सीएम श्री स्कूलों में वर्षा जल संचयन प्रणाली (रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम) को पुनर्जीवित और प्रभावी करने का फैसला किया है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दी है। उन्होंने बताया कि 75 सीएम श्री स्कूलों में वर्षा जल संचयन प्रणाली से करीब 50 करोड़ लीटर वार्षिक वर्षा जल संचयन की क्षमता विकसित की जाएगी। गौरतलब है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के समक्ष एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्कूलों में मौजूद रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की स्थिति, उनकी कमियां तथा उन्हें कार्यशील बनाने की कार्ययोजना रखी गई। इस मसले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य राजधानी में वर्षा जल संरक्षण को मजबूत करना, भूजल स्तर सुधारना तथा छात्रों और समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इसी दिशा में 75 सीएम श्री स्कूलों में मौजूदा रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का ऑडिट कराया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में औसतन 775 मिमी वार्षिक वर्षा होती है और लगभग 2500 वर्ग फुट की छत से हर वर्ष करीब 2 लाख लीटर वर्षा जल संरक्षित किया जा सकता है। यह पानी पांच सदस्यीय परिवार की एक वर्ष की आवश्यकता पूरी करने में सक्षम हो सकता है। संग्रहित जल का उपयोग पेयजल, बागवानी, सफाई, फ्लशिंग और अन्य उपयोगों में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में वर्षा जल संचयन के लिए गैर सरकारी संगठन 'एहसास' मॉडल को अपनाया जाएगा, जिसे दिल्ली जल बोर्ड द्वारा वर्ष 2021 में स्वीकृति दी गई थी। यह मॉडल कम लागत, कम जगह और लगभग शून्य रखरखाव की विशेषता वाला माना जाता है। इसके माध्यम से छतों से आने वाले वर्षा जल को फिल्टर कर स्टोरेज व बोरवेल से जोड़ा जाएगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा और सूखे बोरवेल को भी पुनर्जीवित करने में सहायता मिलेगी।

#### अधिकांश स्कूलों में लंबे समय से पड़े हैं बंद

मुख्यमंत्री के अनुसार तकनीकी टीमों ने 75 सीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। ऑडिट के दौरान सामने आया कि अधिकांश स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम मौजूद तो हैं, लेकिन वे लंबे समय से बंद पड़े हैं या उनकी देखरेख नहीं हुई है। कई स्थानों पर गड्ढे पूरी तरह बंद मिले, कुछ में प्लास्टिक, गाद, मलबा और कचरा भरा हुआ था, जबकि कई स्कूलों को यह तक जानकारी नहीं थी कि उनके परिसर में ऐसी संरचनाएं मौजूद हैं। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि अनेक स्थानों पर वर्षा जल सीधे नालों में जा रहा है, जिससे जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा। कई संरचनाओं में डिजाइन संबंधी खामियां भी पाई गई।

### दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही सरकार : रेखा

नई दिल्ली। दिल्ली में हो रही है भीषण गर्मी और हीटवेव को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार हर दिल्लीवासी की सुरक्षा और राहत के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि तपती दोपहर में सड़क पर चलने वाला श्रमिक हो, ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ा कर्मयोगी, रिक्शा चालक, बुजुर्ग या कोई जरूरतमंद नागरिक, इस कठिन समय में कोई भी खुद को असहाय महसूस न करे, यही हमारी प्राथमिकता है। दिल्ली के सभी 13 जिलों में 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स लगातार भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों तक पहुंचकर ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल, ओआरएस के पैकेट, प्राथमिक उपचार, कॉटन के गमछे और कैप उपलब्ध करा रही हैं। साथ ही स्कूलों में वाटर बेल सिस्टम, अस्पतालों में कूल रूम, अतिरिक्त ओआरएस और हर जरूरी स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित की जा रही है, ताकि गर्मी से राहत केवल घोषणा नहीं, बल्कि जमीन पर महसूस होने वाली सहायता बन सके। दिल्ली सरकार हर परिस्थिति में दिल्लीवासियों के साथ खड़ी है।

### दिल्ली में तेजी से बढ़ रहे अपराध, बीते 24 घंटे में 6 हत्याएं : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते अपराध को लेकर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में तेजी से आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं और केंद्र सरकार सिर्फ आंकड़ों में हेराफेरी करने में मशगूल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीते 24 घंटे में 6 हत्या की घटनाओं से हड़कंप मचाया हुआ है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एफआईआर दर्ज न करना, मजबूरी में कम गंभीर मामलों में दर्ज करना, जांच में गड़बड़ी करके अमीर और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली आरोपियों की मदद करना और गरीबों को हिरासत में यातना देना, केंद्र सरकार के अधीन दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली बन गई है। वहीं कोंडली से आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने एक्स पर एक वीडियो क्लिप साझा कर कहा कि दिल्ली में दो दिनों में 6 लोगों की हत्या से हड़कंप मच गया। दिल्ली के लोग दहशत में हैं। गोविंदपुरी में लूटपाट के दौरान मां-बेटी की हत्या के दी गई। रोहिणी में दो नाबालिगों को चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वेलकम इलाके में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इंद्रपुरी में दहेज के लिए महिला की हत्या का आरोप लग रहा है। भाजपा सरकार ने दिल्ली को अपराध की राजधानी बना दिया है। दिल्ली की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

### लगातार दूसरे दिन बिजली की मांग 8 हजार मेगावाट से अधिक दर्ज

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के चलते लगातार दूसरे दिन गुरुवार को दिल्ली में बिजली की मांग का आंकड़ा 8 हजार मेगावाट पार दर्ज हुआ है। आंकड़े बताते है कि वर्ष 2025 की अधिकतम मांग से अधिक खपत दर्ज हो चुकी है, लेकिन अभी भी दिल्ली का ऑल टाईम बिजली खपत का रिकॉर्ड टूटना बाकी है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार गुरुवार दोपहर 3.31 बजे अधिकतम बिजली की मांग का आंकड़ा बढ़कर 8231 मेगावाट दर्ज हुआ जो, इस सीजन का सबसे ज्यादा खपत है। वहीं इस सीजन में दूसरी बार ऐसा हुआ है कि न्यूनतम बिजली की मांग का आंकड़ा भी बढ़कर 5211 मेगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज हुआ है। जबकि बीते कल यानी बुधवार को न्यूनतम मांग का ग्राफ 5174 मेगावाट तक पहुंचा था। एसएलडीसी के अनुसार बुधवार दोपहर 3.35 बजे अधिकतम बिजली मांग का आंकड़ा 8039 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि मंगलवार को अधिकतम बिजली की मांग का आंकड़ा 7841 मेगावाट दर्ज हुआ था। बिजली की बेतहाशा खपत बढ़ने पर उपभोक्ताओं की शिकायत आ रही है कि अघोषित कटौती की जा रही है।

### दिल्ली दंगा : उच्च न्यायालय ने यूएपीए मामले में सलीम मलिक को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को शहर के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे बड़ी साजिश से संबंधित आतंकवाद-रोधी कानून यूएपीए के तहत एक मामले में सलीम मलिक को जमानत दे दी। यह राहत न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने मलिक की उस अपील पर दी, जिसमें उन्होंने उन्हें जमानत न देने के 29 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी। मलिक के वकील ने दलील दी कि उच्चतम न्यायालय द्वारा समान परिस्थितियों वाले सह-आरोपियों-सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दिए जाने के मद्देनजर उन्हें (मलिक) भी जमानत पाने का अधिकार है। फरवरी 2020 में हुए दंगों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक होने के आरोप में मलिक पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस दंगे में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया याद




**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरूवार को दिल्ली में कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया और उनकी फोटो पर फूलमालाएं चढ़ाई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने स्व राजीव की मूर्ति पर फूल मालाएं चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। वहीं दूसरी तरफ यादव ने दिल्ली नगर निगम के पुराने मुख्यालय टाउन हाल के बाहर राजीव गांधी जी की याद में पौधारोपण करते हुए लोगों से अपील की है कि ग्रीन कवर बढ़ाने और प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए पेड़ जरूर लगाएं। इस अवसर पर यादव ने कहा कि राजीव ने देश को विश्व में अग्रणी बनाने के लिए टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने प्रधानमंत्री काल के दौरान ही आधुनिक भारत के बदलाव की नींव रख दी थी। इस मौके पर यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, प्रभारी सचिव दानिश अबरार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ और डॉ योगानंद शास्त्री सहित कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद थे। यादव ने कहा कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरुम्बुदुर में आत्मघाती बम हमले ने विश्व में विकास के प्रतीक राजीव गांधी को हमसे छीन लिया।

## सरकार ने एमसीडी के 48 स्कूलों को बंद कर उनमें खोल दिए आरोग्य मंदिर: नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी का वरिष्ठ नेता और दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने गुरुवार को आरोप लगाया है कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने फर्जीवाड़ा कर एमसीडी के 48 स्कूलों को बंद करके उसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोल दिया है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का साफ आदेश है कि शिक्षा के लिए आवंटित जमीन किसी दूसरे कार्य में इस्तेमाल नहीं हो सकती। शिक्षा निदेशालय ने एमसीडी स्कूलों को आरोग्य मंदिर में बदल कर हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि अब एमसीडी स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है ताकि खाली बिल्डिंग में आरोग्य मंदिर खोल सके। दिल्लीवालों को भाजपा से प्राइमरी एजुकेशन अच्छा करने की उम्मीद थी, लेकिन वह तो स्कूल ही बंद कर रही है। प्रैसवार्ता में अंकुश नारंग ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि भाजपा की सरकार में एमसीडी के अंदर शिक्षा का स्तर अच्छा होगा और बच्चों को पहले से बेहतर शिक्षा मिलेगी। लेकिन इन्होंने 48 स्कूलों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तब्दील कर दिया है और इसके लिए शिक्षा निदेशक सीधे तौर पर एनओसी देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा, शिक्षा निदेशक से मिलकर काफी सारे एमसीडी स्कूलों को आपस में मर्ज करने की तैयारी कर रही है। नारंग ने कहा कि दिल्ली के जितने भी गरीब बच्चे एमसीडी स्कूलों पर निर्भर हैं, उनके एडमिशन पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए, न कि एमसीडी स्कूलों को बंद करके वहां कुछ और बना दिया जाए।

### एमसीडी के सभी प्राइमरी स्कूल हैं चालू : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गुरुवार को दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग द्वारा निगम स्कूलों में आरोग्य मंदिरों को खोलने के बयान पर कहा कि उनका बयान झूठ का पुलिंदा है। महापौर ने कहा कि आज से लगभग डेढ़ साल पहले जब भाजपा ने दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीता और फिर नगर निगम प्रशासन में भी लौटी तब दिल्ली नगर निगम के 1514 चालू स्कूल थे जहां से लगभग 6 लाख 50 हजार छात्र शिक्षा पा रहे थे और आज भी यह सभी 1514 प्राइमरी स्कूल चालू हैं। महापौर ने कहा है की भाजपा दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के विस्तार एवं विकास को कटिबद्ध है और हम 2032 तक दिल्ली नगर निगम के सभी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम निजी स्कूलों की तर्ज पर विकसित करेंगे।

### पशु कल्याण से संबंधित कानूनों का किया जाए सख्त पालन

# बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: कपिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी बकरीद पर पशु कल्याण संबंधी सभी प्रावधानों तथा कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। अगर कोई भी व्यक्ति पशुओं के अवैध परिवहन, अवैध कुर्बानी तथा पशुओं के प्रति किसी भी प्रकार की क्रूरता करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

यह निर्देश गुरुवार को दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशु कल्याण और सार्वजनिक स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए बकरीद के दौरान केवल अधिकृत और निर्धारित स्थलों पर ही कुर्बानी की अनुमति दी जाए। साथ ही गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की हत्या या कुर्बानी पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित करें।

कपिल ने निर्देश दिए कि सड़कों, गलियों या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी न हो, सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं की खरीद-बिक्री भी पूर्णतः गैरकानूनी है। उन्होंने इस प्रतिबन्ध को कड़ाई से लागू करने और ऐसी कोई शिकायत मिलने पर इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जानवरों का खून सीधे सड़क, नालियों और नहरों में न बहे और कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को खुले में नहीं फेंका जाए, इसका निपटान तय सुरक्षित मानकों के जरिये ही हो, इसे लेकर भी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर निगरानी करें। कपिल ने कहा कि भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत पशु कल्याण बोर्ड द्वारा राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पशुओं के संरक्षण और कल्याण से जुड़े कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

कपिल ने कहा कि पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 के तहत पशुओं के प्रति क्रूरता दंडनीय अपराध है। इसलिए अवैध पशु परिवहन, अवैध बूचड़खानों के संचालन अथवा कानूनों के उल्लंघन की किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध ऐसे मामलों में आपराधिक मामला दर्ज कराएं।




अपना केवाईसी अपडेट रखें

ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,

तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,

तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।

आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## खबर संक्षेप

### फॉरेक्स ट्रेडिंग व फिल्म प्रोडक्शन में निवेश के



**फरीदाबाद।** फॉरेक्स ट्रेडिंग व फिल्म प्रोडक्शन में निवेश के नाम पर करीब 31 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में साईबर थाना एनआईटी की टीम ने पति-पत्नी को मुम्बई से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार अमित निवासी सेक्टर-88 फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हिमान्शु शर्मा, एसजीएम नगर स्थित फॉरेक्स एजुकेशन इंस्टीट्यूट नाम से एक कंपनी संचालित करता था। फॉरेन एक्सचेंज ट्रेडिंग और फिल्मों में पैसा लगाकर हर महीने 3 प्रतिशत तक मुनाफा कमाने के लिये लोगों को निवेश के लिए प्रेरित करता था और अपने भाई दिवान्शु शर्मा (फिल्मों अभिनेता) के नाम और फिल्मों का हवाला देकर लोगों का विश्वास जीतता था।

### ठगी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने शेयर मार्केट



में निवेश के नाम पर हुई 6,60,500 रुपए की ठगी के मामले में बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अभिषेक कुमार निवासी गांव इंदौर जिला रोहतास बिहार के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-8, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश संबंधी एक विज्ञापन देखा। जिसके बाद उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ठगों ने उसको प्ले स्टोर से एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिये कहा गया। एप्लिकेशन में लॉगिन करने के बाद उसने विभिन्न खातों में कुल 6,60,500 रुपये निवेश के लिए ट्रांसफर कर दिये। उसके ट्रैडिंग अकाउंट में 30 लाख रुपए का दिखाया जाने लगा, जिसके नाम पर उस पर और पैसे जमा करवाने का दबाव बनाया गया।

परियोजना में 700 से अधिक बड़े छायादार पेड़ों को संरक्षित किया गया

# कभी सड़क अनाथ थी आज विश्व-स्तरीय बनी गुरुग्राम की सनाथ रोड, वर्ल्ड अर्बन फोरम में मिला वैश्विक सम्मान

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के उद्योग विहार की सनाथ रोड को कभी तंज में अनाथ रोड कहा जाता था। आज यही सड़क बाकू में वर्ल्ड अर्बन फोरम (डब्ल्यूयूएफ13) में वैश्विक मॉडल बनकर चमकी है। सड़क के कायाकल्प को डब्ल्यूयूएफ यूआईए 2030 अवार्ड के तीसरे चक्र में कैटेगरी-5 ग्रीन और ओपन स्पेस तक पहुंच में हाई कमेंडेशन से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समानता-आधारित स्ट्रीट डिज़ाइन और




सस्टेनेबिलिटी के लिए मिला है। सफलता का श्रेय नगर निगम गुरुग्राम, जीएमडीए, गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस तथा नागरों और मारुति सुजुकी जैसी कॉर्पोरेट संस्थाओं के संयुक्त सहयोग को दिया जा रहा है। डब्ल्यूयूएफ 13 में सनाथ रोड को घनी आबादी वाले शहरों के लिए किफायती और विस्तार योग्य मॉडल के रूप में पेश किया गया। बियॉन्ड बिल्ट की लैंडस्केप आर्किटेक्ट निधि मदान ने कहा कि यह सम्मान इस बात को मान्यता देता है कि बेहतर डिज़ाइन और मजबूत साझेदारी के माध्यम से समानता, सुगम पहुंच और लचीलेपन पर आधारित सार्वजनिक स्थान विकसित किए जा सकते हैं। यह परियोजना उस व्यापक लैंडस्केप दृष्टिकोण का उदाहरण है, जिस पर हमारा गहरा विश्वास है। बियॉन्ड बिल्ट की संस्थापक नुपुर प्रोथी खन्ना ने कहा कि दूसरे चरण में मिली जीत के बाद यह हमारे लिए एक और उपलब्धि है। यह साबित करता है कि पर्यावरण आधारित समाधान सिर्फ सुंदरता के लिए नहीं हैं, बल्कि ये शहरी बुनियादी ढांचे का एक अहम हिस्सा हैं। राहीगिरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक सारिका पांडा भट्ट ने कहा कि सनाथ रोड अब केवल एक आवागमन मार्ग नहीं रह गया है।

#### जलभराव-जाम से जूझती थी सड़क

उद्योग विहार के घने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सनाथ रोड वर्षों तक गंभीर जलभराव, भारी ट्रैफिक जाम, अव्यवस्थित पार्किंग और पैदल यात्रियों के लिए असुरक्षित माहौल से जूझती रही। नागरिकों, सिविल सोसाइटी, कॉर्पोरेट और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से इसकी तस्वीर बदली। राहीगिरी फाउंडेशन के नेतृत्व और बियॉन्ड बिल्ट प्राइवेट लिमिटेड के डिजाइन में सड़क पर चौड़े वॉकिंग और साइक्लिंग ट्रैक, यूनिवर्सल एक्सेसिबिलिटी, प्रकृति-आधारित स्टॉर्मवॉटर मैनेजमेंट सिस्टम और महिलाओं की सुरक्षा के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा बना। परियोजना में 700 से अधिक बड़े छायादार पेड़ों को संरक्षित किया गया। स्वास्थ्य और जलवायु लचीलापन बढ़ाने के लिए 80,000 से अधिक पेड़, झाड़िया और ग्राउंड कवर पौधे लगाए गए।

वार्ड-30 में स्थानीय निवासियों से नारियल तुड़वाकर कराया निर्माण कार्य का शुभारंभ

# आमजन को बेहतर आधारभूत सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकताः कृष्ण पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज वार्ड-30 के अंतर्गत सेक्टर-28 में नेशनल हाईवे से लगती सड़क पर लगभग 51 लाख रुपए की लागत से बनने वाले डिस्पोजल एवं बरसाती पानी की निकासी के लिए वाटर पाइप लाइन निर्माण कार्य का स्थानीय निवासियों से नारियल तुड़वाकर विधिवत शुभारंभ कराया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि बरसात के मौसम में नेशनल हाईवे से सटी इस सड़क पर जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी, जिसके कारण राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग और समस्या



की गंभीरता को देखते हुए यहां डिस्पोजल तथा वाटर पाइप लाइन डालने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया गया है जिससे बरसात के दौरान जल निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सकेगी। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रदेश के समग्र विकास को नई गति देने का कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि तय समय सीमा में विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारकर आमजन तक उनका लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। सडक़ों, सीवरेज, जल निकासी, पेयजल, बिजली और अन्य जनसुविधाओं से संबंधित परियोजनाओं को प्राथमिकता के

सिविल सर्जन ने जारी किए आदेश

# एनएचएम कर्मचारी सुखवीर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरकारी अस्पताल की पार्किंग में टॉर्च की रोशनी में महिला की डिलीवरी होने के मामले में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी जीडीए सुखवीर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सुखवीर फरीदाबाद के एफआरयू-2 सेक्टर-3 में तैनात था।

इस संबंध में सिविल सर्जन फरीदाबाद ने बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की चेयरपर्सन और फरीदाबाद के डिप्टी कमिश्नर की मंजूरी के बाद की गई। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग ने मामले में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स राखी को भी सस्पेंड किया था। विभागीय जांच में प्राथमिक तौर पर अस्पताल स्टाफ की गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया। दरअसल, कुछ दिन पहले फरीदाबाद के सरकारी अस्पताल की पार्किंग में एक गर्भवती महिला की डिलीवरी टॉर्च की रोशनी में करवाई गई थी। घटना का वीडियो और तस्वीरें सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए थे। विपक्ष ने भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग को घेरा था।

खंड विकास अधिकारी ने एफएसएल जांच के आदेश दिए

# जाजरु पंचायत में 8 पंचों का सामूहिक इस्तीफा, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव जाजरु पंचायत के आठ पंचों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अंशु डागर को इस्तीफा दे दिया है। पंचों का आरोप है कि सरपंच बैठकों में न तो बुलाते हैं और न ही कोई सूचना देते हैं। पिछले दो वर्ष में बहुत कम बैठकों की सूचना दी है। कार्यवाही पर उनके फर्जी हस्ताक्षर किए हुए हैं। सरपंच अजय डागर का कहना है कि पंचों के कार्यवाही पर हस्ताक्षर कराए हुए हैं, जो पूरी तरह ठीक हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अंशु डागर का कहना है कि उन्होंने दो दिन में सरपंच की कार्यवाही मंगाई है।

पंचों के हस्ताक्षरों सरपंच की कार्यवाही पर किए हस्ताक्षरों के नमूने लेकर मधुबन एफएसएल में जांच के लिए भेजे जाएंगे। बताया कि यदि पंचायत कार्यवाही रजिस्टर हस्ताक्षर फर्जी हैं तो सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



दोस्त का जानकार बन की थी व्हाट्सएप कॉल, ठग लिए 40 हजार रुपए

# खाताधारक सहित 2 को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से दोस्त का जानकार बन पैसे मांगकर 40000 ठगी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाताधारक सहित 2 आरोपितों को ग्वालियर से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अमित कुशवाह निवासी बगीया जडेरुआ कला जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश तथा प्रताप परिहार उर्फ मोनू निवासी गांव अस्तौन जिला टीकमगढ़, मध्यप्रदेश हाल पीएचई कॉलोनी महलगांव ग्वालियर के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर-30 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसके दोस्त रंजन सिंह के नाम पर मदद मांगते हुए पैसे भेजने के लिए कहा। दोस्त समझकर बताए गए खाते में 40000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने अपने दोस्त रंजन सिंह से संपर्क किया तो पता चला कि उसके नाम का इस्तेमाल कर साइबर ठगी की गई है। शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि अमित खाताधारक है, जिसका खाता प्रताप ने ठगों के पास पहुंचाया था।

कार में फंसे पांचों को बाहर निकालकर निजी अस्पताल पहुंचाया

# तेज रफ्तार कार रैपिड ट्रेन के पिलर से टकराने के बाद पलटी, आग लगी, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में गुरुवार की अलसुबह एक बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली-मेरठ मार्ग राज चौपला स्थित ईएसआईसी अस्पताल के सामने गाजियाबाद से मेरठ के तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़कर रैपिड ट्रेन के पिलर से टकराने के बाद पलट गई। जिसमें कार में सवार दो युवक घायल हो गए जबकि तीन घायल हुए हैं।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि मेरठ के थाना परतापुर स्थित गांव कुंडा निवासी आदेश कसाना उसके दोस्त कुलदीप, रोहित और आदेश पाल व रिठानी निवासी हिमांशु पाल के साथ कार से



बुधवार रात में लोनी की तरफ गए थे। आज तड़के पांचों अपने लोनी निवासी दोस्त अंकित तिवारी के साथ मेरठ लौट रहे थे। सुबह करीब पांच बजे जैसे ही वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपले से पहले ईएसआईसी अस्पताल के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू हो गई और कार ने डिवाइडर पर चढ़कर रैपिड ट्रेन के पिलर से टकराकर कई पलटी खाई। जिससे कार के परखच्चे के उड़ गए और आग लग गई। इस दौरान लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे पांचों घायलों को बाहर निकालकर नगर एक निजी अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने आदेश कसाना (32) और अंकित तिवारी (25) को मृत घोषित हो गई। कुलदीप, आदेश पाल और हिमांशु को गंभीर हालत के चलते मेरठ रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोहित कार से सुरक्षित निकल वहां से चला गया। हादसे के बाद दिल्ली मेरठ मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

कोई जनहानि नहीं

# पैसिफिक माल में भीषण आग के लगी, फैली अफरा तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-यूपी बॉर्डर स्थित पैसिफिक माल में गुरुवार को भीषण आग लग गयी। जिसमें करोडों का नुकसान हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आज प्रातः 7:21 बजे सूचना प्राप्त हुई की पैसिफिक मॉल साहिबाबाद गाजियाबाद में स्थित सिनेमा में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली मय फायर टेंडर्स घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर जाकर देखा तो पैसिफिक मॉल में स्थित सिनेमा घर के प्रोजेक्टर रूम एवं मूवी हॉल में भीषण आग लगी हुई थी जिसकी



वजह से संपूर्ण मॉल में धुआं फैल गया था। 8 लाइने बिछाकर एवं मॉल में स्थित फायर फाइटिंग सिस्टम के द्वारा फायर सर्विस यूनिट ने बीए सेट पहनकर आग को बुझाना शुरू किया। आग की विकरालता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली एवं फायर स्टेशन साहिबाबाद से भी मय प्रभारी अधिकारियों सहित अन्य गाड़ियां बुलाई गई।

आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका


# दमदमा झील के पास अरावली की पहाड़ी में भीषण आग, सैकड़ों पेड़ जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दमदमा गांव के पास अरावली की पहाड़ी में वीरवार दोपहर बाद भीषण आग लग गई। आग से करीब एक किलोमीटर के दायरे में सैकड़ों पेड़-पौधे जल गए। सोहना दमकल विभाग की गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गई। आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका है, वहीं समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

दमकल अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि दमदमा झील के साथ पहाड़ी किनारे बनाए गए ईंधन के बिटोड़ों में आग लगी थी। भीषण गर्मी के कारण आग तेजी से फैलते हुए पहाड़ी तक पहुंच गई। आग गांव की तरफ भी बढ़ने लगी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां पहले गांव की तरफ की आग पर काबू पाने में लगी।

शाम 5:30 बजे तक दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी थीं। दमकल अधिकारी ने बताया कि दूसरी पहाड़ी की तरफ भी आग लगी है, जिस पर जल्द काबू पाया जाएगा। आगजनी में करीब



10 से अधिक बिटोड़े व सैकड़ों पेड़ जल गए हैं। आग ज्यादा न फैले, इसके लिए ताज होटल से ही दमकल की गाड़िया भरकर लाई जा रही हैं। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग बुझाने का काम जारी है।

कांग्रेस का चक्काजाम

# ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के चक्का जाम सफलः ढींगड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव नरेश ढींगड़ा ने कहा है कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के चक्का जाम आवाहन पर सांकेतिक हड़ताल सफल रही। एक बयान में ढींगड़ा ने कहा है कि 21 मई 2026 रात 12:00 से ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के चक्का जाम आवाहन पर हमारे ट्रांसपोर्ट व्यापार से जुड़े मालिक कर्मचारी और ड्राइवर सभी ने अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए 3 दिन की सांकेतिक हड़ताल को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के द्वारा बनाई गई सभी टीमों ने दिल्ली एनसीआर के सभी बॉर्डर पर अपनी अपनी मुस्तेद ड्यूटी निभाई।

सभी ने रात भर रोड पर खड़े होकर दिल्ली आने वाले ट्रक चालकों से निवेदन किया कि आप तीन दिन तक दिल्ली में कोई भी गाड़ी की लोडिंग और अनलोडिंग ना करें क्योंकि इसकी सफलता पर ही हमारा भविष्य निर्भर है।

प्रतिदिन 50 डॉग्स की होगी नसबंदी

# लाइनपार के लोगों को मिलेगी डॉग्स के आतंक से निजात जून में शुरू होगा सिद्धार्थ विहार में एबीसी सेन्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लाइन पार क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग (कुत्तों) आतंक से परेशान लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। नगर निगम नगर निगम का तीसरा एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) कंट्रोल लाइन पर क्षेत्र में सिद्धार्थ विहार में लगभग तैयार हो चुका है जो जून माह में शुरू होगा।

गाजियाबाद महानगर की बात करें तो महानगर का यह तीसरा एबीसी सेंटर होगा। जिसमें कुत्तों की नसबंदी हो सकेगी। इसके बाद निश्चित तौर पर डॉग्स की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगेगा। नगर निगम का कहना है कि तीसरी सेंटर के चालू होने के बाद डॉग्स के सिजेरियन की संख्या काफी अच्छी बढ़ जाएगी और इसमें डॉग्स की संख्या कम करने में मदद मिलेगी। इसके बाद आम जनता को राहत मिलेगी। नए एबीसी केंद्र की क्षमता प्रतिदिन 50 ऑपरेशन होंगे। इससे पहले नगर



निगम के दो सेंटर संचालित हैं जिसमें एक नए बस अड्डे पर चल रहा है। जिसमें प्रतिदिन 40 डॉग्स की नसबंदी की जा रही है, जबकि राजनगर एक्सटेंशन में नंदी पार्क गौशाला के पास बने एबीसी सेंटर में 20 कुत्तों का प्रतिदिन ऑपरेशन किया जा रहा है। मुख्य पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज सिंह का कहना है कि 2021 के संसेक्स के अनुसार गाजियाबाद में लगभग 48000 डॉग्स थे। जिनकी संख्या अब काफी ज्यादा हो गई है

एक अनुमान के मुताबिक प्रत्येक वर्ष 15प्रतिशत डॉग्स की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही एबीसी सेंटरों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। फिलहाल दो एबीसी सेंटर संचालित है। उन्होंने यह बताया कि डॉग्स के ऑपरेशन के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि इनकी संख्या कम हो सके। वही उपमुख्य पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर आशीष त्रिपाठी का कहना है कि नगर निगम बहुत ही गंभीरता के साथ इस समस्या के निस्तारण के लिए लगा हुआ है प्रत्येक दिन कुत्तों को पड़कर उनका ऑपरेशन किया जा रहा है और उनका मानना है कि यदि इसी तरह चलता रहा तो अगले दो से तीन साल में कुत्तों की संख्या में काफी कमी आ जाएगी।

कांग्रेसी नेताओं ने दी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

# भारत में सूचना क्रांति स्व. राजीव गांधी की देनः बलजीत कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि आज फरीदाबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक व उनकी टीम ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा को गंगाजल से साफ करके उस पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले बलजीत कौशिक व उनकी टीम दिल्ली स्थित वीर भूमि पहुंची और वहां पर स्व. राजीव गांधी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किए और श्रीमती सोनिया गांधी, सांसद एवं प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे व वरिष्ठ कांग्रेस जनों से मुलाकात की। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बलजीत कौशिक ने कहा कि राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं। देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। इतना ही नहीं बल्कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने ही किया।

**खबर संक्षेप**

## यूपी के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में यूनिफॉर्म



**लखनऊ।** यूपी के विश्वविद्यालयों व डिग्री कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों के लिए अब यूनिफॉर्म अनिवार्य कर दिया गया है। विद्यार्थियों के बीच समानता व अनुशासन को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर 24 घंटे के भीतर ही उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इसे लागू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय का कहना है कि विश्वविद्यालय व कॉलेजों में अब ड्रेस कोड अनिवार्य होगा।

## हीटवेव के चलते पटना में 5वीं तक के स्कूल बंद



**पटना।** जिले में भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए 5वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। डीएम त्यागाराजन ने कक्षा 6 से 8 का समय भी बदल दिया है। छठी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं की छुट्टी सुबह 10.30 बजे तक हर हालत में कर दी जाएगी। डीएम ने जिले के सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों और प्री स्कूलों के लिए यह आदेश जारी किया।

## झारखंड में 27 नक्सलियों ने एक साथ किया सरेंडर




**रांची।** झारखंड पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां डीजीपी तदाशा मिश्रा के सामने कुल 27 माओवादियों ने सरेंडर किया है। मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के इतिहास में ये अब तक का सबसे बड़ा सरेंडर है। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन सीपीआई(M) से जुड़े 27 माओवादियों ने झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ यूनिट के सामने अपने हथियार डाल दिए ।

## हर गांव में स्थापित होंगे 'गोपैथी सेंटर'

# योगी सरकार गांव-गांव खोलेगी सेंटर, लाइलाज बीमारियों के इलाज में मिलेगी मदद ,ग्रामीण क्षेत्रों में आएगी समृद्धि

प्रदेश सरकार ने अब राज्य के हर गांव में "गोपैथी सेंटर" स्थापित करने की अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्राचीन पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को आधुनिक वैज्ञानिक पहचान दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार व आर्थिक समृद्धि का एक मजबूत डिजिटल और जमीनी नेटवर्क तैयार करना है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजनरी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक कृषि और अत्याधुनिक चिकित्सा अनुसंधान से जोड़कर एक अभूतपूर्व सामाजिक-आर्थिक मॉडल पेश करने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अब राज्य के हर गांव में "गोपैथी सेंटर" स्थापित करने की अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्राचीन पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को आधुनिक वैज्ञानिक पहचान दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार व आर्थिक समृद्धि का एक मजबूत डिजिटल और जमीनी नेटवर्क तैयार करना है।



### पंचगव्य से असाध्य बीमारियों का इलाज

उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे इस नए चिकित्सा मॉडल को आयुष और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान से सीधे जोड़ा जा रहा है। आयुर्वेद की प्राचीन परंपराओं के अनुसार, गाय से प्राप्त पांच अमृत तत्वों—दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर—के मिश्रण से तैयार उत्पाद मधुमेह (डायबिटीज), माइग्रेन, लकवा (पैरालिसिस), हृदय रोग और त्वचा संबंधी गंभीर विकारों में मुख्यधारा की चिकित्सा के साथ एक प्रभावी पूरक भूमिका निभा सकते हैं। इसे चिकित्सा जगत में "गोपैथी थेरेपी" के नाम से जाना जाता है, जिस पर बड़े पैमाने पर क्लीनिकल अध्ययन किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है।

### गोशालाएं बनेंगी ग्रामीण उद्योगों की रीढ़

योगी सरकार की इस योजना का एक बड़ा सिरा ग्रामीण विकास और सूक्ष्म उद्यमिता से जुड़ा है। अब प्रदेश की गोशालाएं महज संरक्षण केंद्र न रहकर जैविक कृषि और पंचगव्य उत्पाद निर्माण के औद्योगिक केंद्रों के रूप में काम करेंगी। इसके तहत ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और स्थानीय किसानों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गांव के स्तर पर ही पंचगव्य आधारित रोज़मर्रा के उत्पाद जैसे मंजन, औषधीय मरहम, अर्क और साबुन तैयार किए जाएंगे। सरकार इन उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए एक मजबूत सप्लाई चेन भी विकसित कर रही है।

## मई की सैलरी के साथ देने की तैयारी

# 16 लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा 2% बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता

*उत्तर प्रदेश सरकार 16 लाख कर्मचारियों को मई के वेतन के साथ 2% बढ़े महंगाई भत्ते का लाभ देने की तैयारी कर रही है। इससे उनका डीए 58% से बढ़कर 60% हो जाएगा, जिसकी पत्रावली जल्द मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राज्य सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों को जून में मिलने वाले मई के वेतन के साथ दो प्रतिशत बढ़े महंगाई भत्ता का लाभ दिए जाने की तैयारी है। वित्त विभाग ने बढ़े दर से महंगाई भत्ते के भुगतान से संबंधित पत्रावली तैयार कर लिया है। पत्रावली को स्वीकृति के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। दो प्रतिशत वृद्धि के बाद महंगाई भत्ता 58 से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। महंगाई भत्ता में हुई इस वृद्धि का लाभ राज्य के लगभग 16 लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा। बढ़े दर से महंगाई भत्ते का लाभ कार्मिकों को जनवरी माह से दिया जाना है। जनवरी से अप्रैल तक का एरियर सरकार पूर्व की तरह कार्मिकों के जीपीएफ खाते में जमा कराएगी, जबकि मई से इसका भुगतान कार्मिकों के वेतन में जोड़कर किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को ही केंद्रीय कर्मचारियों व अधिकारियों को दो प्रतिशत वृद्धि के साथ महंगाई भत्ता के भुगतान का आदेश जारी कर दिया था। केंद्र सरकार द्वारा बढ़े डीए के भुगतान का आदेश जारी कर दिए जाने के बाद ही राज्य सरकार अपने कार्मिकों को भी बढ़े दर से डीए दिए जाने का आदेश करती है।



### 28 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा लाभ

सरकार के इस फैसले का फायदा प्रदेश के करीब 16 लाख सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के साथ लगभग 12 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और घरेलू खर्चों को संभालने में मदद मिलेगी।

### जनवरी 2026 से लागू होगा नया डीए

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2026 से लागू माना जाएगा। इसके तहत कर्मचारियों और पेंशनर्स को अब 60 प्रतिशत की दर से डीए का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार ने यह फैसला केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद लिया है।

### यूपी में स्मार्ट होगी आयुर्वेद और होम्योपैथी की पढ़ाई

यूपी में आयुष चिकित्सा शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। आयुष कॉलेजों के विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास की सौगात देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रदेश के 17 आयुर्वेद और होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में 51 स्मार्ट क्लास रूम विकसित किए जाएंगे। इन स्मार्ट क्लासों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) का उपयोग किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक और इंटरैक्टिव शिक्षा का अनुभव मिल सकेगा। आयुर्वेद और होम्योपैथी की पढ़ाई स्मार्ट होगी। आयुष महानिदेशक एवं मिशन निदेशक चैत्रा वी. ने बताया कि सीएम की मंशा के अनुरूप आयुष कॉलेजों में स्मार्ट क्लास रूम संचालित किए जाएंगे। इनमें इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल (आईएफपी), ऑडियो-वीडियो सिस्टम और डिजिटल लर्निंग टूल्स का उपयोग किया जाएगा।

## सम्राट चौधरी और तेजस्वी यादव में हुई गुफ्तगू

# नेता प्रतिपक्ष बोले- हम लोग एक ही दल में थे

**सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सोनू राय को शपथ दिलाई**




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच हुई गुफ्तगू सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। बिहार विधान परिषद में नवनिर्वाचित एमएलसी के शपथ ग्रहण समारोह में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई। इस दौरान सम्राट और तेजस्वी ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों नेताओं के बीच चंद सेकंड की छोटी सी बातचीत भी हुई। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम लोग एक ही दल में थे।

### एमएलसी सोनू कुमार राय का शपथ ग्रहण

बिहार विधान परिषद में गुरुवार को भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट पर उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले आरजेडी एमएलसी सोनू कुमार राय का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सोनू राय को शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे।

### दोनों ने गर्मजोशी से एक-दूसरे से हाथ मिलाया

मंच पर सभापति के एक तरफ सीएम सम्राट और दूसरी तरफ तेजस्वी सीट पर बैठे। कार्यक्रम के दौरान सीएम और नेता प्रतिपक्ष के बीच गुफ्तगू हुई।

## सम्राट ने बिहार पुलिस को दे दिया बड़ा टास्क

# 150 करोड़ रुपए की जगह 200 करोड़ ले लीजिए

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिर कहा है कि अगर कोई अपराधी पुलिस को चुनौती देता है तो उसे जवाब देने में 48 घंटे से ज्यादा वक्त नहीं लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के आधुनिकीकरण और सशक्त बनाने के लिए 150 करोड़ की जगह 200 करोड़ खर्च हो जाएं पर अपराध के खात्मा और सुसाशन का राज स्थापित करने की दिशा में कोई कोताही नहीं होना चाहिए। सम्राट चौधरी ने डीजीपी विनय कुमार की मौजूदगी में बिहार पुलिस की जमकर तारीफ की। कहा कि बिहार पुलिस पर जितना भी इनवेस्टमेंट किया जाए, कम है। सीएम ने कहा कि पुलिस बल को चिंता नहीं करना है। पुलिस वालों ने अगर चिंता किया तो डायवर्ट हो जाएंगे। तब सुसाशन नहीं आ सकता है जो राज्य में उद्योग, सड़क, शिक्षा या विकास के अन्य टारगेट को पूरा करने के लिए जरूरी है। पुलिस कर्मियों का जॉब सबसे कठिन है जिन्हें सातों दिन चौबिसों घंटे काम करना पड़ता है।

## पेज एक का शेष

### पीओके में ढेर हुआ ...

भारतीय वायुसेना द्वारा की गई बालाकोट एयरस्ट्राइक के जरिए लिया था। देश की जांच एजेंसियों ने इस हमले के बाद यह साफ कर दिया था कि इस हमले की पूरी साजिश पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के साथ मिलकर बनाई थी। जिसमें हमजा के अलावा कई अन्य आतंकवादी भी शामिल थे।

**अल बद्र से जुड़ा था हमजा :** आतंकवादी हमजा बुरहान दरअसल पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था। अल बद्र संगठन से वह जुड़ा हुआ था और उसने साल 2017 में भारत की सीमा को पार कर पाकिस्तान में प्रवेश किया था। उस दौरान हालांकि उसने अपने घर-परिवार के लोगों को यह बताया था कि वह उच्च-शिक्षा लेने के लिए पाकिस्तान जा रहा है। लेकिन बाद में वह वहां पर पहले से सक्रिय आतंकी संगठन अल बद्र में शामिल हो गया और जल्द ही उसका कमांडर भी बन गया। भारत की सरकार ने 2022 में हमजा को आतंकवादी घोषित किया था। उस वक्त जारी की गई अधिसूचना में उसकी उम्र करीब 23 वर्ष और उसका पूरा नाम अरजुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डाक्टर बताया गया था।

**युवाओं के मन में घोला आतंक का जहर :** अल बद्र से प्रशिक्षण लेने के बाद जब आतंकवादी हमजा कश्मीर वापस लौटा तो उसने अपने नेटवर्क का विस्तार खासतौर पर दक्षिण कश्मीर के पुलवामा से शोपियां तक के इलाके में किया। वहां उसने बड़ी तादाद में युवाओं को गुमराह कर उनके मन में कट्टरपंथी विचारों और आतंकी सोच का बीजारोपण किया। उसकी गतिविधियां केवल यहीं तक सीमित नहीं थी। बल्कि उसने कई युवाओं को अपने नापाक इरादों को पूरा करने के लिए आतंकवादी संगठनों में भर्ती भी किया।

**कश्मीर में इन आतंकियों का रहा करीबी :** आतंकी हमजा बुरहान की बीते कुछ वक्त से पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में सक्रियता काफी बढ़ गई थी। उसे कश्मीर में सक्रिय बुरहान वानी, अबू दुजाना, जाकिर मूसा समेत अन्य आतंकियों का करीबी सहयोगी माना जाता है। बुरहान वानी और जाकिर मूसा को क्रमशः 2016 से लेकर 2019 में भारतीय सुरक्षाबलों द्वारा मौत के घाट उतारा जा चुका है। 2016 में हुई आतंकी वानी की मौत के बाद जाकिर मूसा को हिजबुल मुजाहिद्दीन का कमांडर बनाया गया था। लेकिन सुरक्षाबलों ने जल्द ही उसका भी काम तमाम कर दिया।

**अभी भी फरार हैं कुछ बड़े आतंकी :** आतंकी हमजा की मौत जहां पाकिस्तान के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। वहीं, भारत के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है। लेकिन यहां चिंता की एक बात यह भी है कि देश में पुलवामा से लेकर कई अन्य आतंकी हमलों को अंजाम देने वाले चार बड़े आतंकी अभी भी फरार हैं। जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मौलाना मसूद अजहर, रऊफ असगर, अम्मार अल्वी और आशिक अहमद नेंग्रू शामिल हैं। जांच एजेंसियां इनकी लोकेशन पाकिस्तान में बताती रही हैं।

### अफ्रीका में तेजी से ...

बजाय आगामी वक्त में किसी समय पर आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए तारीखों का चयन दोनों पक्ष आपसी विचार-विमर्श और समन्वय के माध्यम से करेंगे। यहां बता दें कि इस वायरस को लेकर भारत के लिए फिलहाल घबराने की कोई बात नहीं है। क्योंकि अभी तक देश में इसका कोई मामला सामने नहीं आया है। लेकिन इसके बाद भी कड़ी निगरानी और सतर्कता बनी हुई है।

### अफ्रीका को सहयोग ...

सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार सहयोग प्रदान किए जाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। जिसमें मुख्य रूप से अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) और अन्य राष्ट्रीय संस्थान शामिल हैं।

### संबंधों का आधार ...

और प्रतिनिधियों की इसमें भागीदारी रहे। जमीनी स्तर पर तेजी से बदलते सार्वजनिक स्वास्थ्य के हालात को लेकर भारत की सरकार, अफ्रीकी संघ और आयोग के अध्यक्ष के बीच व्यापक रूप से बातचीत हुई है।

**भारत ने जारी किया गया यात्रा परामर्श :** वहीं, भारत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने एक परामर्श जारी करते हुए अफ्रीका महाद्वीप के वायरस प्रभावित देशों की यात्रा से लौट रहे संदिग्ध यात्रियों को इमीग्रेशन क्लियरेंस से पहले हवाईअड्डे पर मौजूद स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा है। परामर्श में डीजीएचएस ने खासतौर पर इबोला वायरस से बुरी तरह से प्रभावित डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, दक्षिण-सूडान और युगांडा जैसे देशों से लौट रहे लोगों से अपने संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों से सूचना साझा करने के लिए कहा है।

### कैलाश मानसरोवर ...

करीब पांच साल तक यह यात्रा स्थगित की गई थी। लेकिन 2024 में एलएसी विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद दोनों देशों ने अपने संबंधों को एक बार फिर से सामान्य बनाने के क्रम में लिए गए निर्णयों की श्रृंखला में 2025 से इस यात्रा को भी फिर से शुरू करने का ऐलान किया गया है।

**सड़कें बनकर हुई तैयार, नहीं होगी परेशानी:** मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा के लिए तय किए गए दोनों मार्गों पर सड़कों के निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। जिसके बाद गाड़ियां भी आसानी से चलेंगी यानी अब यात्रा से जुड़ा ज्यादातर रास्ता पक्की बनी हुई सड़कों के जरिए ही तय किया जाएगा। यात्रियों को पहाड़ों पर बहुत अधिक पैदल नहीं चलना पड़ेगा। यात्रा के रूट और बैच के बारे में पूरी जानकारी कैलाश मानसरोवर यात्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**एसएमएस, ईमेल से किया जाएगा संपर्क :** जिन 1 हजार यात्रियों का कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए चयन किया गया है। उन्हें इसके संबंध में मंत्रालय द्वारा मोबाइल पर एसएमएस और ईमेल के माध्यम से जानकारी भेजी जाएगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति यात्रा को लेकर अपनी स्थिति की पड़ताल वेबसाइट https://kmy.gov.in पर जाकर स्वयं भी कर सकता है। इस संबंध में मदद के लिए एक हेल्पलाइन नंबर-011-23088214 भी जारी किया गया है।

### रेल मंत्री अश्विनी ...

सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रेलवे प्रशासन अब सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से अधिक आधुनिक और मजबूत बनाने की दिशा में व्यापक रणनीति पर काम कर रहा है।

### 'हाथरस 16 डेज़' ...

अलका लांबा ने दावा किया कि डॉक्यूमेंट्री में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ और उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी के बयानों से पता चलता है कि फॉरेंसिक सबूतों को या तो नष्ट किया गया या काफी देरी से जुटाया गया। उन्होंने कहा कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण होने से पहले उसे नहलाया गया, जिससे महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रभावित हुए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री में उत्तर प्रदेश के पूर्व एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) की टिप्पणियां भी शामिल हैं, जिनमें पुलिस कार्रवाई में चूक स्वीकार की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसके दबाव में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पीड़िता के शव पर पेट्रोल डालकर अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि कमजोर जांच के कारण चार में से तीन आरोपी बरी हो गए और अब उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने कथित तौर पर सबूतों से छेड़छाड़ की या एफआईआर दर्ज करने में देरी की।

उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़िता का परिवार आज भी भय और दबाव में जीवन जी रहा है। महिला कांग्रेस ने परिवार को सुरक्षा, उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी देने के वादे तुरंत पूरा करने की मांग की। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का मुद्दा उठाते हुए अलका लांबा ने दावा किया कि राज्य महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में लगातार शीर्ष पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को महिलाओं और पीड़ित परिवारों से माफी मांगनी चाहिए।

### कोरियाई युद्ध में भरे थे...

अर्जित की थी। डॉ.रंगराज के अद्वितीय साहस और मानवीय दृष्टिकोण के लिए उन्हें घायल सैनिकों, नागरिकों ने मरून एंजल्स की उपाधि से नवाजा था।

**युद्धविराम के बाद भी पीछे नहीं हटा भारत :** यहां एक ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत युद्धविराम के बाद भी अपनी जिम्मेदारियों से नहीं भागा और उसने सीएफआई के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जो उसे तटस्थ राष्ट्र प्रत्यावर्तन आयोग (एनएनआरसी) के तहत सौंपी गई थीं। यहां बता दें कि वर्ष 1953 में कोरियाई युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर हुए और उसके बाद युद्धबंदियों के मानवीय प्रत्यावर्तन और हिरासत को सुविधाजनक बनाने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल के.एस.थिमैया के नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में एनएनआरसी की स्थापना की गई थी। सीएफआई ने इस संवेदनशील और जटिल जिम्मेदारी को अत्यधिक पेशेवराना अंदाज, निष्पक्षता और करुणा के साथ निभाया। नतीजा यह हुआ कि उसे कोरियाई प्रायद्वीप में शांति, सुलह और मानवीय सिद्धांतों में योगदान देने के लिए वैश्विक स्वीकृति मिली। लेफ्टिनेंट जनरल थिमैया का नेतृत्व और कूटनीतिक कुशलता कोरिया के युद्ध के दौरान भारत की रचनात्मक और शांतिप्रिय भूमिका का एक स्थायी प्रतीक है।

**हिंद नगर क्षेत्र में बना स्मारक :** मंत्रालय ने बताया, इस स्मारक का निर्माण उसी क्षेत्र में किया गया है। जहां वर्ष 1954 में सीएफआई ने हिंद नगर की स्थापना की थी। ये वो ही नगर था। जिसमें करीब 22 हजार युद्धबंदियों को उनके शांतिपूर्ण प्रत्यावर्तन तक रखा गया था। स्मारक के निर्माण में रक्षा मंत्रालय ने वित्तीय सहयोग दिया है। जो भारत, दक्षिण कोरिया के आपसी इतिहास और अटूट मित्रता को लेकर भारत के गहरे सम्मान को प्रदर्शित करता है। उद्घाटन समारोह के दौरान दोनों देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी, सैन्य प्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, राजनयिक समुदाय के सदस्य और अन्य अतिथियों की भी मौजूदगी रही। विशेष रूप से लेफ्टिनेंट कर्नल रंगराज की भतीजी कल्पना प्रसाद इस अवसर पर मौजूद थीं। कोरियाई मंत्रालय ने मई महीने को कर्नल रंगराज के सम्मान में समर्पित किया है।

### एमओयू पर किए ...

मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, दोनों देशों का साझा इतिहास-बलिदान, भारत और कोरिया की रणनीतिक साझेदारी की मजबूत नींव बना हुआ है। अपने देश के सैनिकों की भूमिका का स्मरण करने से लोगों के बीच न केवल आपसी समझ मजबूत होती है। बल्कि दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंध भी नए सिरे से स्मृतियों में लौट आते हैं। उन्होंने इस स्मारक की स्थापना में योगदान देने के लिए कोरिया गणराज्य की सरकार के प्रति आभार जताया। दक्षिण कोरिया के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने युद्ध के दौरान भारत की भूमिका की सराहना की। भारतीय सैनिकों के बलिदान, मानवीय सेवा के जरिए निर्मित अटूट मित्रता के बंधन को स्वीकार किया।

MAX Healthcare | 25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE

## सार्वजनिक सूचना

**उन परिवारों के लिए जिनकी वार्षिक आय ₹5,00,000/- से कम है**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (DGHS) द्वारा 02.01.2026 को जारी आदेश संख्या F.13 (906) /DGHS/HQ/EWS /2025/13-19 के अनुसार, और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग़ EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी के उन रोगियों को मुफ्त ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. उपचार प्रदान कर रहा है जिनकी वार्षिक आय 5,00,000/- रुपये से कम है ।अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिए गए पते पर हॉस्पिटल के नोडल अधिकारी से संपर्क करें

**मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग़**
एफ.सी.-50, सी एवं डी ब्लॉक, शालीमार बाग़, नई दिल्ली - 110088

नोडल अधिकारी 8448974009
www.maxhealthcare.in



आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

## दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्टिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्टिक इसे च्युइ



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

## स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी


यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

## आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

## आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

## फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

**बच्चो, जापान** की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

## होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,
इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *


**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ



कहानी
विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

# चमत्कारी चिप



एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्रॉइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।


तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

## बूझो तो जानें



1
फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2
फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3
ब्रोमेलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4
रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर - 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम



## जीके क्विज-206

1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तन्वी, महेंद्रगढ़



आन्या, दुर्ग



ईशान, ईमेल से



दिशा, बिलासपुर



सोनम, रायपुर




रशिका, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# इंदौर में स्थापित होगा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, 10 हजार डेवलपर्स को मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मंत्रालय में गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश में प्रशासनिक दक्षता संवर्धन, एआई आधारित सुशासन और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में एआई तकनीकी सहयोग के संबंध में मीटिंग की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने बताया कि राज्य सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोग स्थापित किया जा रहा है। इसमें इंदौर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए शीघ्र ही एमओयू होगा। यह सेंटर एआई आधारित नवाचार, अनुसंधान, स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी समाधान विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। सेंटर से 10 हजार से अधिक एआई डेवलपर्स को जोड़ा जाएगा, जो मध्यप्रदेश सहित देश और साउथ ग्लोबल की आवश्यकताओं के अनुरूप रियल टाइम तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएंगे।

### सिंहस्थ-2028 के लिए एआई आधारित ट्रैफिक, आपात सेवा प्रणाली पर हुई चर्चा



सीएम डॉ. मोहन गूगल क्लाउड इंडिया के अधिकारियों से चर्चाकरते हुए।

### एआई आधारित नवाचारों और डिजिटल तकनीक से सशक्त होगा सुशासन

#### विकास और सुशासन के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के पश्चात हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में गूगल क्लाउड इंडिया ने समृद्ध मध्यप्रदेश की अवधारणा के अनुरूप एआई आधारित विकास और सुशासन के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। बैठक में सिंहस्थ-2028 को स्मार्ट और तकनीक-सक्षम आयोजन के रूप में विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई। गूगल की ओर से प्रस्तुत एआई फ्रेमवर्क में रियल टाइम भीड़ प्रबंधन, प्रेडिक्टिव ट्रैफिक एवं सुरक्षा विश्लेषण, एआई आधारित इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम और डिजिटल ट्विन मॉडल जैसी अत्याधुनिक व्यवस्थाएं शामिल हैं।

### एआई नेटवर्क विकसित करने की योजना

गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने बताया कि एआई समिट के दौरान मध्यप्रदेश शासन से मिले अभूतपूर्व समर्थन और सहयोग से गूगल क्लाउड द्वारा राज्य की प्राथमिकताओं अनुसार कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, महिला एवं बाल विकास और अन्य विभागों में एआई आधारित समाधान विकसित किए जा रहे हैं।

#### एकीकृत नागरिक डेटा प्रणाली पर हुई चर्चा

बैठक में शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए संवादात्मक नागरिक सेवा प्लेटफॉर्म, स्वचालित शिकायत निवारण प्रणाली, इंटेलिजेंट डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग, एकीकृत नागरिक डेटा प्रणाली जैसे एआई सक्षम समाधानों पर भी चर्चा हुई।

#### एक लाख शिक्षकों को बहुभाषीय एवं अनुकूलित शिक्षण सुविधा

शिक्षा क्षेत्र में एआई आधारित वर्चुअल ट्यूटर, व्यक्तिगत शिक्षण प्रणाली और शिक्षक सहायता उपकरण विकसित कर 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों और एक लाख शिक्षकों को बहुभाषीय एवं अनुकूलित शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की योजना प्रस्तुत की गई। वहीं पुलिसिंग और जन-सुरक्षा के क्षेत्र में प्रेडिक्टिव लॉ एनफोर्समेंट, बिहेवियरल एनालिटिक्स और डिजिटल फॉरेंसिक्स आधारित एआई समाधान प्रस्तुत किए गए, जिससे जाँच और प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सके।

---

### आपराधिक प्रकरणों से निर्दोष बरी होने वालों की होगी नौकरी में वापसी

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा: 62 साल होगी ग्राम सहायकों की सेवानिवृत्ति आयु

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

**ग्राम पंचायतों में विकास की मुख्य धुरी है प्रदेश के ग्राम सहायक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि प्रदेश के ग्राम सहायकों की मांग पर पारिश्रमिक 9 हजार से बढ़ाकर दोगुना 18 हजार किया जा चुका है। सेवानिवृत्तक आयु को बढ़ा कर 62 साल किया जा रहा है। जो बहनें रोजगार सहायक हैं, उन्हें प्रसूति अवकाश, मातृत्व अवकाश, ऐच्छिक अवकाश, पुरुष ग्राम रोजगार सहायक को 15 दिनों का पितृत्व अवकाश दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी कारण किसी रोजगार सहायक पर आपराधिक प्रकरण बन जाए और बाद में वो निर्दोष सिद्ध हो जाए तो उसे पुनः सर्विस में लेने की गारंटी हम सरकार के माध्यम से देने की घोषणा करते हैं। डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में हुए ग्राम रोजगार सहायकों के राज्य स्तरीय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोजगार सहायक प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विकास की मुख्य धुरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल भारत के स्वप्न को साकार करने ग्राम रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

**राजधानी के राज्य स्तरीय महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**पुरुष रोजगार सहायक को 15 दिनों का पितृत्व अवकाश**

#### महिला रोजगार सहायकों को मातृत्व अवकाश



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

#### हर वर्ग के कल्याण में ग्राम सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका



कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम रोजगार सहायक।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिला, किसान, युवा और गरीबों के हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं। ग्राम सहायकों की भूमिका भी इन वर्गों के विकास में पुरुषार्थ के रूप में समाज को आदर्श रूप में दिखाई देती है। ग्राम सहायक और पंचायत सचिव युक्ति और बुद्धि का उपयोग कर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- वीबी जी-राम-जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन) के क्रियान्वयन और जनता की विभिन्न समस्याओं का समाधान का रास्ता निकालते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर गेहूं उपार्जन कार्य में भी ग्राम सहायकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों में अग्रणी है। प्रदेश को ग्राम सहायकों के परिश्रम से प्रथम स्थान आने का यश मिला है।

#### मुख्यमंत्री ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस महासम्मेलन के लिए भोपाल आ रहे दो ग्राम सहायक मीणा और लखन के दुर्घटना में असामयिक देवलोक गमन का समाचार पीड़ादायक है। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए, दोनों के परिजन को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके साथ ही गंभीर घायल को 1 लाख रुपए और अन्य सामान्य घायलों को समुचित उपचार के लिए 50-50 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। सम्मेलन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कुलदीप गुर्जर के अलावा रवि भट्ट, राकेश पंडया और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

### प्रदेश के जन-कल्याण को गति देने 30,055 करोड़ दिए

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 11,608 करोड़ रुपए की कैबिनेट से मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में मप्र के विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए कुल 30,055 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृतियां दी गई। राज्य के विभिन्न वर्गों के हित में कई बड़े निर्णय लिए गए। इसमें वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन योजना के लिए 15,184 करोड़ रुपए के साथ ही विभिन्न आपदाओं में किसानों को संबल देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के निरंतर क्रियान्वयन के लिए 11,608 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

कैबिनेट की बैठक बुधवार को मंत्रालय में हुई। इसमें श्रमिक कल्याण की योजनाओं के लिए 1,779 करोड़ रुपए, सिवनी और देवास की समूह जल प्रदाय योजनाओं के लिए 593 करोड़ 24 लाख रुपए, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालन के लिए 373 करोड़ 38 लाख रुपए, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए 360 करोड़ रुपए तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित शौर्य दल और चाइल्ड हेल्पलाइन योजनाओं के लिए 156 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

**वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजन की पेंशन योजना के लिए 15,184 करोड़ रुपए**



कैबिनेट बैठक में मौजूद सीएम व मंत्रीगण।

#### किसानों के हक में बड़ा फैसला

कैबिनेट ने किसानों को फसल हानि या क्षति होने पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का आगामी 5 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31) तक निरंतर क्रियान्वयन के लिए 11 हजार 608 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। पात्र कृषकों को प्रति कृषक प्रत्येक मौसम में न्यूनतम दावा राशि 1,000 रुपए का भुगतान करने के लिए दावा राशि और राशि 1000 के अंतर की राशि का भुगतान राज्य शासन दकी ओर से वहन किया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक नियम, दिशा-निर्देश जारी करने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को अधिकृत किया गया है।

#### पेंशन योजना के लिए 15,184 करोड़ रुपए की स्वीकृति

कैबिनेट ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजन की पेंशन योजना के लिए 15 हजार 184 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस अनुसार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) योजना के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 1 अप्रैल 2026 से आगामी 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 2,123 करोड़ 42 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली 40 वर्ष से अधिक आयु की कल्याणी महिलाओं को पात्रतानुसार प्रतिमाह 600 रुपए पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है। चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 113 करोड़ 50 लाख रुपए, केयर एण्ड सपोर्ट टू विक्टिम अंडर पॉक्सो योजना के लिए 27 करोड़ 50 लाख रुपए और शौर्य दल योजना के लिए 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन के तहत पूर्व से स्थापित 51 जिलों के साथ-साथ नवगठित 4 जिलों निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा एवं मऊगंज में जिला स्तरीय इकाई तथा 9 पूर्व से स्थापित हेल्प डेस्क के साथ-साथ 4 रेल्वे स्टेशन में हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी।

---

# कलेक्टर ने मंच से कृषि अधिकारी को दिलाई कसम, रोकेंगे खाद की कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान अपने अनोखे और सख्त अंदाज से सभी को चौंका दिया।



कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने मंच से ही कृषि विभाग के अधिकारी को खाद की कालाबाजारी रोकने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में रोटी, कपड़ा और मकान के साथ बिजली, पानी और कृषि भी लोगों की मूल आवश्यकता बन चुकी है। किसानों ने खाद की कालाबाजारी, अधिक कीमत पर बिक्री और जमाखोरी की शिकायतें रखीं, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मंच से ही कृषि अधिकारी को सार्वजनिक रूप से कसम दिलाते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में कहीं भी खाद की कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर बिक्री या जमाखोरी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। कृषि अधिकारी ने भी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर के इस अनोखे अंदाज की कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच काफी चर्चा रही। किसानों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि अब खाद की समस्या और कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा।

#### खाद की किल्लत, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बिक्री की शिकायतें

*सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने सुशासन तिहार के मंच से कृषि अधिकारी को सार्वजनिक रूप से खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने की कसम दिलाई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कलेक्टर के सामने खाद की किल्लत, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बिक्री की गंभीर शिकायतें रखी थीं। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में रोटी, कपड़ा और मकान की तरह ही बिजली, पानी और कृषि भी आम जनता की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। प्रशासन के इस सख्त और अनोखे तेवर की कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों के बीच खूब चर्चा रही।*

---

# भिलाई में युवक की संदिग्ध मौत के बाद भड़का जन-आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत पुरैना स्थित स्टोर पारा डंप चौक में एक युवक अपने घर में मृत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची, जहां आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने हत्या की आशंका जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान नजरुल सोना (29 वर्ष) निवासी स्टोर पारा डंप चौक पुरैना के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। गुरुवार सुबह जब पिता गंगाराम सोना की नींद खुली तो उन्होंने बेटे नजरुल को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह मृत अवस्था में मिला। इसके बाद तत्काल जीआरपी भिलाई थाना को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को स्थानीय लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। मोहल्लेवासियों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई। लोगों ने पुलिस को बताया कि 19 मई को मृतक के साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट की गई थी। संबंधित युवकों के नाम भी पुलिस को बताए गए हैं। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। जीआरपी भिलाई ने बताया कि फिलहाल पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

---

### सम्राट विक्रमादित्य की मूर्ति भेंट की

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन से की भेंट



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल पटेल से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को लखनऊ प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यपाल पटेल का अभिवादन करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पटेल को सम्राट विक्रमादित्य की मूर्ति भी भेंट की।


**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**टेली फैक्स 07740-252273 email: bssukm1@gmail.com**

**Contact No. - 09454221467, 08305143251, 09893404589**

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 02 | दिनांक- 21/05/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट पुनः निविदा सूचना**

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला - कबीरधाम में विभिन्न इंजीनिरिंग सामग्री क्रय / कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई - निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/ - रु. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | पुनः ई - निविदा क्रमांक - 191422 (Only OEM & Authorized Dealer) विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री | दिनांक 21/05/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 28/05/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 28/05/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में अवलोकन कर सकते है।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा,
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)





## चिंतन

# आतंकवाद पर और कड़ा प्रहार जरूरी

आतंकवाद विरोधी दिवस पर हाल ही के वर्षों में सुरक्षाबलों पर किए गए खतरनाक हमलों में से एक पुलवामा हमले के कातिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। पुलवामा एक ऐसा हमला था, जिसने पूरे देश को अस्थिर कर दिया था। इसके बाद भारतीय सेना को बालाकोट स्ट्राइक करनी पड़ी थी और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। असल में दुनिया के तमाम देश आतंकवाद पर सिलेक्टिव नजरिया रखते हैं, लेकिन इसे व्यापक नजरिये देखे जाने की जरूरत है। भारत ने इस हकीकत को समझ लिया है और अब यह स्पष्ट हो गया है कि आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। इसी का परिणाम है कि अब देश में आतंकवाद का माहौल कुछ कम हो गया है। हाल ही के दिनों में पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने सीमा पार ऑपरेशन सिंदूर कर दुश्मन को करारा जवाब दिया, लेकिन सीमापार नापाक देश अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह किसी न किसी रूप में भारत को निशाना बनाता रहता है। भारतीय सुरक्षाबल किसी भी दुस्साहस को जवाब देने के लिए तत्पर हैं। आतंकी हमजा बुरहान की हत्या केवल एक व्यक्ति के अंत की खबर नहीं है, बल्कि यह उस आतंकवादी ढांचे पर बड़ा संकेत है, जिसने दशकों से भारत की शांति और सुरक्षा को चुनौती दी है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता है और वहां की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। हमजा बुरहान, सलमान अजहर, शेख यूसुफ अफरीदी और सज्जाद अहमद जैसे नाम इसी नेटवर्क की कड़ियां रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में इन आतंकियों की रहस्यमयी मौतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंक की फैक्ट्री अब भीतर से भी दरकने लगी है। हालांकि इन घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि कम हुई है, लेकिन इतना जरूर है कि आतंकवादी संगठनों के भीतर असुरक्षा और भय का माहौल बढ़ा है। भारत के लिए यह समय केवल संतोष का नहीं, बल्कि और अधिक सतर्क होने का है। आतंकवाद का चेहरा बदल चुका है। पहले सीमा पार से घुसपैठ और हथियारों की तस्करी प्रमुख खतरा थे, लेकिन अब सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड ऐप्स और डिजिटल फंडिंग के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। हमजा बुरहान पर भी युवाओं की भर्ती और फंडिंग का आरोप था। यह बताता है कि आतंकवाद अब बंदूक से ज्यादा दिमाग और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान की सत्ता और वहां की खुफिया एजेंसियां लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को "रणनीतिक हथियार" की तरह इस्तेमाल करती रही हैं। जब तक इस सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक सीमा पार से साजिशें जारी रहेंगी। इसलिए भारत को केवल सैन्य शक्ति पर नहीं, बल्कि अपने खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी और मजबूत करना होगा, ताकि किसी भी हमले से पहले उसे भांप सकें और उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। तभी हम आतंक पर पूरी तरह लगाम लगाने में सक्षम हो सकेंगे। अब दुनिया में आतंक नए रूप में सामने आ रहा है। तकनीकी क्षमताओं के दम पर इसे आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। अब जरूरत है कि आतंक के हर प्रारूप पर कड़ा वार प्रहार किया जाए, तभी देश सुरक्षित होगा और आम नागरिक खुद को महफूज समझेगा और भारत को सुरक्षित भविष्य मिल सकेगा।

# सुप्रीम कोर्ट का कुत्तों पर जरूरी हस्तक्षेप



मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

**सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो।**

देश में आवारा कुत्तों के हमलों और काटने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने पशु प्रेमियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने पिछले साल नवंबर में दिए गए अपने उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। पिछले साल जुलाई में रेबीज के कारण एक छह साल की बच्ची की मौत की खबर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, जिसके बाद लंबी सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। अदालत भी उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो। इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है।

हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। अदालत ने गौर किया कि एबीसी ढांचे की शुरुआत के बाद से लगभग दो दशक बीत जाने के बावजूद, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विस्तार और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर, व्यवस्थित और क्रमिक प्रयासों का स्पष्ट अभाव रहा है।

अदालत ने आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को उजागर करने वाली कई समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि उदयपुर में 2026 में लगभग 1,750 कुत्ते के काटने के मामले दर्ज किए गए, जबकि भीलवाड़ा में एक ही दिन में 42 लोगों को कुत्ते ने काटा। अदालत ने यह भी बताया



कि तमिलनाडु में 2026 के पहले चार महीनों में लगभग 2.63 लाख कुत्ते के काटने के मामले और 17 संबंधित मौतें दर्ज की गईं। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मुद्दा आवासीय इलाकों से आगे बढ़कर हवाई अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक फैल गया है, और यह भी बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 1 जनवरी, 2026 से हवाई अड्डे के टर्मिनलों में कम से कम 31 कुत्ते के काटने की घटनाओं को स्वीकार किया है।

केरलम राज्य के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए, लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं, तस्वीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। साल 2022 में मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में सबसे अधिक आवारा कुत्तों की संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में है, जबकि दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और मणिपुर में सड़कों पर कोई भी आवारा कुत्ता नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने बताया था कि 2012 के मुक़ाबले 2019 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या घटकर 20.59 लाख हो गई थी। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों, दोनों के हितों की रक्षा कर सके।सदैव से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत के निर्देशों के बाद अब राज्यों और नगर निकायों पर संस्थागत क्षेत्रों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने और प्रभावी नियंत्रण नीति लागू करने का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू इन नियमों को लेकर जहां पशु प्रेमियों में निराशा है वहीं कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और पीड़ितों को इस आदेश से जरूर खुशी मिली होगी। यह आदेश लागू हैं और अब सख्ती से इनको अमल में लाया जाना बाकी है। देखना है कि इन आदेशों के बाद किस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। यह पशु प्रेमियों की बड़ी पहल के परिणाम बदलाव लाने में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

बाल मुकुन्द ओझा



# आखिर क्यों गुस्सा हो जाते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का विवादों से पुराना नाता रहा है। विशेषकर नरेंद्र मोदी के भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद से कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनपर तरह-तरह के आरोप लगाते रहते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। रायबरेली में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृह मंत्री को 'गद्दार' तक कहा है। राहुल गांधी के हालिया बयानों पर एक नज़र डालें तो पता चलेगा, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर सिर चढ़कर बोलने लगा है। दूसरी तरफ, भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता अर्बन नक्सली जैसी है। राहुल पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे राजनीति के 'राहु' हैं। राहुल गांधी परिवारवाद की उपज हैं। उन्होंने देश का अपमान किया है। राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर हैं। राहुल के बयान उनकी मानसिकता को बताते हैं। राहुल ने देश की जनता का अपमान किया है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में 52 से 99 पर पहुaचने के बाद जो गंभीरता पार्टी में आनी चाहिए थी वह कमोवेश देखने को नहीं मिली है। नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के गुस्से में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वे अपने गुस्से का इजहार करने के दौरान जो बातें कह रहे है वे लोगों को हज़म नहीं हो रही है। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने का कोई भी मौका छोड़ नहीं रहे है।

राहुल गांधी मोदी के बहाने बेसिरपैर के आरोप लगाते तनिक भी नहीं हिचकिचाते । मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है। राहुल को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते है, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है जब लोग उन्हें तरह तरह की उपमाओं से नवाजते है। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिलाए मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे मरहूम रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। उनके पिता राजीव गांधी भी सौम्य व्यवहार और सभ्य भाषा का प्रयोग करते थे, लेकिन राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका गांधी ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। भाजपा का कहना है जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों लें। चौकीदार चोर, पनोती और जेब कतरा से लेकर अम्बानी अडानी के मुद्दे फेल हो चुके हैं। या यों कहे जनता ने नकार दिए। वे मोदी पर निजी हमले करने से बाज नहीं आते मगर जनता की अदालत में हर बार ठुकरा दिए जाते है। राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। राहुल के बयानों पर भाजपा आग बबूला हो रही है वहां इंडि गठबंधन की सहयोगी पार्टियां राहुल के बयानों का समर्थन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रही हैं। राहुल को अपने आरोपों के समर्थन में अपने देश में ही सशक्त आंदोलन कर जनता का समर्थन जुटाना चाहिए मगर चीन जैसे दुश्मन देश के पक्ष में बोलकर देशवासियों की सहानुभूति खो रहे है। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है । मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है ,अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है। राहुल को चाहिए कि वे अनाप शनाप बयान न देकर अपनी गरिमा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संकर सहज स्वरूप सम्हारा




संकलित
## दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

# जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
## प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सिर्फ पेय नहीं, दुनिया की धड़कन है चाय

चाय सिर्फ एक पेय नहीं है, यह एक संस्कृति है, एक संवाद है और दुनिया के करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। दुनियाभर में पानी के बाद यदि कोई पेय पदार्थ सबसे ज्यादा पसंद और उपभोग किया जाता है तो वह है चाय। सुबह की पहली किरण के साथ नींद को अलविदा कहने से लेकर, दफ्तर की थकान मिटाने और मेहमानों के स्वागत तक, चाय हमारे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा बन चुकी है। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए हर साल 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'चाय को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना' न केवल चाय के पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन पर जोर देती है, बल्कि उन लाखों छोटे किसानों और श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने का भी आह्वान करती है जिनकी आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है।

*- शंकर यादव, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### कृषि जीवन की मूल धारा



भारत में कृषि जीवन की मूल धारा और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम सिर्फ उत्पादन बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि एक ऐसा फार्मिंग इक्कोसिस्टम बनाने के लिए भी काम कर रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुरूप हो और भविष्य रेडी हो। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं



हमारी सरकार के दौरान रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। भारत की नीति अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव है। राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा, और इसी संकल्प के साथ भारत स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेज़ी से बढ़ावा दे रहा है।

**-राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### ऋण को सिबिल से ना जोड़ें



हर बैंक को, मुख्यालय से लेकर शाखा स्तर तक, बता दिया है कि फसल ऋण को सिबिल की शर्तों से नहीं जोड़ा जाए। रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। 'सिबिल' स्कोर से जुड़ी समस्याओं के कारण किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र

### घुसपैठियों को बीएसएफ को सौपेंगे



पश्चिम बंगाल में नया नियम लागू हो गया है, जिसके तहत घुसपैठियों को अब अदालतों में नहीं भेजा जाएगा, बल्कि बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश मे घुसपैठ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला संक्रमण का प्रकोप बढ़ने की चेतावनी




पूर्वी कांगो में इबोला संक्रमण से निपट रहे स्वास्थ्यकर्मियों और राहत सहायता समूहों ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि इसका प्रकोप बढ़ सकता है। उन्होंने अधिक आपूर्ति बढ़ाने और अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सशस्त्र समूह एक ऐसे क्षेत्र की सुरक्षा को लगातार खतरा पहुंचा रहे हैं जो पहले से ही विस्थापन और मानवीय संकट से जूझ रहा है। अलीमा नामक एक सहायता समूह के बुनिया क्षेत्र समन्वयक हामा अमाडो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'स्थिति चिंताजनक है क्योंकि संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह कई क्षेत्रों में फैल रहा है। इसलिए सभी को एकजुट होना होगा।'उन्होंने कहा, 'हम अभी नहीं कह सकते कि स्थिति नियंत्रण में है।' स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो प्रकार से निपटने के लिए कोई टीका या दवा उपलब्ध नहीं है, जो पहली ज्ञात मौत के बाद हफ्तों तक बिना पता चले फैलता रहा। इबोला वायरस के संक्रमण से अब तक 139 संदिग्ध मौतें हुई हैं और लगभग 600 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### खाई में गिरी कार, 5 लोगों की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में गुरुवार को भीषण हादसा हो गया। यहां भवालीगांव बाईपास



पर एक कार खाई में गिर गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। कार यूपी की है। सेनेटोरियम-रातीघाट बायपास रोड, भवाली स्थित ढैला गांव से 500 मीटर पहले महिंद्रा कार गहरी खाई में गिर गई।

### असम में फिर स्पीकर बने भाजपा के रंजीत

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा को गुरुवार को नया अध्यक्ष मिल गया। 4 बार के भाजपा विधायक रंजीत



कुमार दास को सर्वसम्मति से 16वीं असम विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम स्पीकर चंद्र मोहन पटवारी ने सदन में बताया कि रंजीत कुमार दास के समर्थन में 3 नामांकन दाखिल किए गए थे।

### बांद्रा में बवाल को लेकर 10 के खिलाफ केस

**बांद्रा।** मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हिंसक झड़प हो



गई। पुलिस और लोगों के बीच हुई पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। 10 नामजद आरोपियों समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 150 अज्ञात पर भी केस दर्ज किया है।

### फाल्टा में बंपर वोटिंग 86% से ज्यादा मतदान

**फाल्टा।** गुरुवार को पुनर्मतदान में फाल्टा की जनता ने दिल खोलकर मतदान किया। शाम 6 बजे मतदान



समाप्त होते ही मतदान केंद्रों को सील कर दिया गया।सुबह से ही केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 86फीसदी से अधिक मतदान प्रतिशत लोकतंत्र की प्रक्रिया में सक्रियता का प्रमाण है।

### इसी साल 13 साल बाद होंगे हावड़ा नपा चुनाव



बेलूर मठ में संतों को नमन करते सीएम सुवेंदु

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद अब नगर निकाय चुनाव पर सियासी और प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। अगले 9 महीनों में पूरे राज्य में 127 नगर निगम और नगरपालिका चुनाव प्रस्तावित हैं। इनमें सबसे चर्चित हावड़ा नगर पालिका भी है, जहां 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अब चुनाव कराए जाएंगे।

---

कहा, यह स्मारक होगा देश का ऐतिहासिक और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित पहला स्मारक

# अम्बाला छावनी का 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक' बनेगा राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्थल: नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अम्बाला छावनी में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा को समर्पित 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक' देशभक्ति, शौर्य और बलिदान का अद्भुत प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि यह स्मारक न केवल हमारी ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का सशक्त केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री सैनी वीरवार को अम्बाला छावनी में निर्माणाधीन 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक' का अवलोकन कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि इस स्मारक का कार्य अब अंतिम चरणों में है। इस अवसर पर हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, इतिहासकार, डिजाइन विशेषज्ञ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने स्मारक परिसर का विस्तृत निरीक्षण/अवलोकन करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, ऐतिहासिक प्रस्तुति एवं आधुनिक तकनीक के समावेश की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह स्मारक देश की आजादी के



लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। उन्होंने कहा कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है और इस स्मारक के माध्यम से युवा पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा मिलेगी।

अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को स्मारक में शेष छोटे-मोटे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मारक के प्रत्येक भाग में ऐतिहासिक तथ्यों की प्रमाणिकता और प्रस्तुति की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि यहां आने वाले लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास का वास्तविक अनुभव प्राप्त हो सके।

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक' का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री को स्मारक से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं, तकनीकी प्रबंधों एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1857 की क्रांति पर आधारित यह स्मारक देश का अपनी तरह का पहला और ऐतिहासिक स्मारक है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम की विभिन्न वीर गाथाओं, युद्धों और बलिदानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

---

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर फेज 3 का कार्यक्रम किया शुरू

# 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा अभियान, सूची शुद्ध व सटीक बनेगी

## बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाताओं का सत्यापन, फिर बनेगी सूची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, सटीक और अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरावृति (एसआईआर फेज 3) कार्यक्रम शुरू कर दिया है। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नामों को हटाना, नए पात्र मतदाताओं को जोड़ना, त्रुटियों को दूर करना है। अभियान में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन, दावे-आपत्तियों की सुनवाई और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शामिल है।

फर्जी नाम हटेंगे, नए पात्र मतदाता जोड़े जाएंगे



### त्रिपुरा में 5 सितंबर से होगी शुरुआत

त्रिपुरा में यह कार्यक्रम थोड़ा बाद में शुरू होगा। यहां तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य 05 सितंबर से 14 सितंबर 2026 तक चलेगा। बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण 15 सितंबर से 14 अक्टूबर 2026 तक होगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 14 अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 21 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित होगी और अंतिम मतदाता सूची 23 दिसंबर 2026 को जारी की जाएगी।

### ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम व मणिपुर में 1 जुलाई तक चलेगा

अन्य राज्यों के कार्यक्रम की बात करें तो ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर में अर्हता तिथि 01 जुलाई 2026 रखी गई है। दादरा एवं नगर हवेली-दमन एवं दीव, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ में भी जुलाई 2026 से प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2026 है।

### निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों को जारी किए दिशा निर्देश

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस अभियान को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग का मानना है कि इस विशेष अभियान से मतदाता सूची की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और लोकतंत्र की आधारशिला को और मजबूत किया जा सकेगा।

### नगालैंड में 5 से 14 अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम

नगालैंड में एसआईआर कार्यक्रम की तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य 5 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक चलेगा। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण 16 अगस्त से 14 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 14 सितंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 20 सितंबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। दावे एवं आपत्तियां 20 सितंबर से 20 अक्टूबर 2026 तक दाखिल की जा सकेंगी।

जम्मू-कश्मीर पंचायत मतदाता सूची में जुड़े 3.39 लाख नए चेहरे

## 72.24 लाख वोटर्स के साथ लोकतंत्र का आधार हुआ मजबूत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत मतदाता सूची 2026 के वार्षिक संशोधन को पूरा कर लिया है और इसे अंतिम रूप देकर 1 अप्रैल 2026 को योग्य तिथि के रूप में निर्धारित किया है। आयोग ने पंचायत निर्वाचन सूची 2026 को अंतिम रूप दिया जिसमें मतदाताओं की संख्या 72.24 लाख पार हो गई है व 3.39 लाख नए नाम जोड़े गए हैं। इस

### 27 मार्च से की गई थी शुरुआत



व्यापक प्रक्रिया की शुरुआत 27 मार्च 2026 को ड्राफ्ट निर्वाचन सूची जारी करने के साथ हुई थी और अब यह दावों, आपत्तियों और सत्यापन के अनुसार समाप्त हो गई है। आयोग ने 27 मार्च से 5 मई 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 40 दिन का समय दिया था।

---

राहुल गांधी की 'टॉफी' वाली टिप्पणी और 'गद्दारी' जैसे शब्दों पर भाजपा ने किया पलटवार

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा 'गालियां कमजोरों का हथियार हैं'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि एक तरफ तो पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री को बड़े भरोसे की नजर से देखती है, दूसरी तरफ, नकारात्मक सोच वाले राहुल गांधी अपने बयानों और भाषणों में बार-बार अपना यही स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करता है, जबकि गांधी अपने बयानों में लगातार नकारात्मक मानसिकता व्यक्त कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी की 'टॉफी' वाली टिप्पणी और 'गद्दारी' जैसे शब्दों के इस्तेमाल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि 'गालियां कमजोरों का हथियार हैं'। उन्होंने राहुल की नकारात्मक मानसिकता के विपरीत प्रधानमंत्री मोदी के सफल पांच देशों के दौरे की सराहना की, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है।

### क्या नक्सलवाद खत्म करना गद्दारी है?

राहुल गांधी द्वारा राजनीतिक हमलों में गद्दारी शब्द के प्रयोग पर सवाल उठाते हुए भाजपा नेता गोयल ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि क्या नक्सलवाद का खात्मा करना गद्दारी है? या कांग्रेस शासन में वर्षों तक नक्सलवाद को पनपने देना गद्दारी है? कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार जिस तरह से घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, वह गद्दारी है। गोयल ने कहा कि राहुल गांधी के भाषणों और बयानों में उनकी हताशा झलकती है और जनता ने उन्हें बार-बार नकार दिया है। गोयल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया। गोयल ने कहा कि यह अलग बात है कि भारत की जनता उन्हें एक के बाद एक नकार रही है उनकी हताशा और खुद से पैदा हुई भावनाएं, और जिस तरह से उन्होंने अपशब्दों और प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है, वह साफ दिखता है। उन्होंने आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों की तुलना करते हुए पूछा कि क्या आतंकवाद विरोधी कड़े कदमों की आलोचना की जानी चाहिए?

### वैश्विक मंच पर तिरंगा का सम्मान करना राजद्रोह है?

गोयल ने सवाल किया कि क्या वैश्विक मंच पर भारतीय ध्वज का सम्मान करना राजद्रोह है या विदेश में भारतीय ध्वज का अपमान करना गद्दारी है? क्या आतंकवाद की कमर तोड़ना, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देना गद्दारी है? या आतंकवादियों को बिरयानी खिलाना, या आतंकवादियों से समझौता करना गद्दारी है?गोयल ने राहुल गांधी की भाषा को कमजोरी का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि राहुल गांधी जिस शब्दावली का इस्तेमाल करते हैं, उसे अंग्रेजी में 'गालियां कमजोरों का हथियार होती हैं' कहा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह स्पष्ट है कि देश अब राहुल गांधी की कमजोरियों, गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी की विफलताओं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को देख रहा है।

---

बैंक अधिकारियों, सरकारी कर्मचारियों और निजी लोगों समेत 15 आरोपी नामजद, सभी न्यायिक हिरासत में

# हरियाणा के बहुचर्चित 504 करोड़ रुपए के घोटाले में सीबीआई ने अदालत में दाखिल की पहली चार्जशीट

केंद्रीय एजेंसी ने इन सभी पर आपराधिक साजिश और विश्वासघात का दोष लगाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े 504 करोड़ रुपए के कथित गबन मामले में बुधवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। यह चार्जशीट पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में पेश की गई। इस बहुचर्चित मामले में कुल 15 आरोपियों को नामजद किया गया है, जिनमें बैंक अधिकारी, सरकारी कर्मचारी, शेल कंपनियां और निजी व्यक्ति शामिल हैं। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई द्वारा दाखिल चार्जशीट में और के 6 बैंक अधिकारियों, हरियाणा सरकार के 3 कर्मचारियों, 2 शेल कंपनियों तथा उनके 3 निदेशकों, साझेदारों और एक निजी व्यक्ति को आरोपी बनाया गया है। जांच एजेंसी ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी, सबूत नष्ट करने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत अपराध करने के आरोप लगाए हैं। सीबीआई के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया, यह मामला हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के बैंक खातों से करीब 504 करोड़ रुपए की कथित हेराफेरी से जुड़ा है। आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने संबंधित विभागों में तैनात सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर सरकारी धन को फर्जी तरीके से निकालकर दूसरे खातों में ट्रांसफर किया। जिन विभागों के नाम इस मामले में सामने आए हैं, उनमें , विकास एवं पंचायत विभाग तथा हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद शामिल हैं। यह मामला पहले हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दर्ज किया गया था, जिसे बाद में जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया। सीबीआई ने कहा है कि चार्जशीट में शामिल 15 आरोपियों के खिलाफ जांच पूरी कर ली गई है, जबकि अन्य संदिग्धों और दूसरे विभागों में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच अभी जारी है। एजेंसी ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही इस मामले में अतिरिक्त चार्जशीट भी दाखिल की जाएगी।

---

मामले पर उठी चिंताओं के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने दिया स्पष्टीकरण

सामुदायिक भागीदारी बढ़ेगी

# 'अकुशल स्कूलों' पर लागू नहीं होंगे एसएमसी को लेकर जारी दिशानिर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्कूली शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस महीने की शुरुआत में स्कूलों में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन को लेकर दिशानिर्देश जारी किए गए थे। लेकिन हालिया वक्त में समाज के कुछ वर्गों द्वारा इस संबंध में प्रकट की गई चिंताओं के बाद गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि यह दिशानिर्देश शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) की धारा 2 (एन)(4) के तहत आने वाले निजी अकुशल स्कूलों पर लागू नहीं होंगे। बशर्ते ऐसी संस्थाएं संबंधित सरकार या स्थानीय प्राधिकरण से अपने खर्चों को पूरा करने के लिए कोई सहायता या अनुदान प्राप्त न करती हों।



### शिक्षा सभी पक्षों की साझा जिम्मेदारी

मंत्रालय ने स्पष्टीकरण में हालांकि यह साफ किया है कि ऐसे तमाम स्कूलों को पारदर्शिता, जवाबदेही और भागीदारी पूर्ण शासन को बढ़ावा देने के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों का गठन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षा सरकार, स्कूलों, अभिभावकों और समुदाय की संयुक्त जिम्मेदारी है। इन सभी हितधारकों के बीच सहयोग को मजबूत करना स्कूलों की समग्र कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने और बच्चों के लिए बेहतर शिक्षण परिणामों के हिसाब से आवश्यक है।

---

टिकाऊ और कुशल राजमार्ग इंफ्रास्ट्रक्चर सुनिश्चित करने पर दिया जोर

# गडकरी ने यूपी में 11,672 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त फीडबैक के आधार पर बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में उत्तर प्रदेश में 11,672 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टमटा और हर्ष मल्होत्रा के साथ-साथ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी और परियोजना के संवेदक उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान गडकरी ने टिकाऊ



और कुशल राजमार्ग इंफ्रास्ट्रक्चर सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध कार्यान्वयन, गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मजबूत सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी बढ़ाने, आर्थिक विकास को गति देने और यात्रियों की सुविधा में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। गडकरी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे रोकथाम के उपायों को लागू करते हुए पूरे नेटवर्क में सड़क सुरक्षा और स्थायित्व बनाए रखने के लिए प्रभावी प्रत्युत्तर प्रणाली स्थापित करके मानसून की व्यापक तैयारियों को सुनिश्चित करें।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने केंद्र सरकार पर हमला बोला


# देश की अर्थव्यवस्था संकट में, सरकार व्यस्त आत्म प्रशंसा में: जयराम

महंगाई के अनुमान लगातार बढ़ रहे, एफडीई में गिरावट आ रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर माहौल इतना नकारात्मक हो गया है कि अब सरकार के समर्थक माने जाने वाले लोग भी सार्वजनिक रूप से चिंता जताने लगे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई के अनुमान लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि विकास दर के अनुमान घटते जा रहे हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में लगातार गिरावट आ



रही है और सप्लाई चेन प्रबंधन की स्थिति खराब हो चुकी है। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सुस्त निवेश माहौल को लेकर चेतावनी देती रही है। उनका कहना था कि निजी निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के बिना आर्थिक विकास को तेज और स्थायी नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने निवेश में कमी के पीछे कई कारण गिनाए। कांग्रेस नेता के अनुसार, वास्तविक मजदूरी में ठहराव के कारण उपभोक्ता मांग प्रभावित हुई है, जिससे उद्योग जगत निवेश करने से बच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों में लगातार बदलाव, टैक्स नोटिस, छापेमारी और जांच एजेंसियों के दबाव ने कारोबारी माहौल में भय और अनिश्चितता पैदा कर दी है। जयराम रमेश ने चीन से होने वाली कथित 'डंपिंग' को भी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए बड़ा खतरा बताया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है, जिससे आर्थिक शक्ति का केंद्रीकरण बढ़ रहा है। उन्होंने 'मोदानी' शब्द का इस्तेमाल करते हुए सरकार पर क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स दरें रिकॉर्ड निचले स्तर पर हैं और कंपनियों की कमाई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुकी है, इसके बावजूद निवेश की गति कमजोर बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि कई बड़े निवेश घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और जमीन पर वास्तविक परियोजनाओं में तब्दील नहीं हो पा रही हैं। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए जयराम रमेश ने कहा कि सरकार जनता को 'नैतिक अपील' और 'टॉफियां' बांटने में व्यस्त है, जबकि देश गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश को आर्थिक नीतियों में व्यापक बदलाव की जरूरत है, लेकिन सरकार के पास आत्मप्रशंसा के अलावा कोई नया विजन नजर नहीं आता।

## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# गैर-पंजीकृत इकाइयों की संख्या नौ करोड़, रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ के पार: सरकारी सर्वेक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में गैर-पंजीकृत प्रतिष्ठानों की संख्या बढ़कर नौ करोड़ से अधिक हो गई है जबकि जनवरी-मार्च तिमाही में इन इकाइयों में रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ के पार पहुंच गया है। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बृहस्पतिवार को इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के लिए कृषि क्षेत्र से इतर गैर-पंजीकृत इकाइयों के अनुमान जारी किए। एनएसओ 2025 से गैर-पंजीकृत गैर-कृषि क्षेत्र के प्रमुख निष्कर्षों पर तिमाही बुलेटिन प्रकाशित कर रहा है।




### नियमित अंतराल पर प्रमुख अनुमान

जनवरी-मार्च, 2026 के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों पर तिमाही बुलेटिन गैर-पंजीकृत क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) का तिमाही संस्करण है। यह नियमित अंतराल पर प्रमुख अनुमान प्रदान करता है।

### उपयोगी आंकड़े उपलब्ध करा रही एनएसओ

सर्वेक्षण के अनुसार, गैर-पंजीकृत क्षेत्र के उद्यमों पर तिमाही बुलेटिन (क्यूबीयूएसई) की शुरुआत भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक पर नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और अन्य पक्षों को समय पर और उपयोगी आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए एनएसओ के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

### पारिश्रमिक पर रखे गए श्रमिकों के हिस्से में गिरावट

आलोच्य तिमाही में गैर-पंजीकृत क्षेत्र में कार्यरत मालिकों का कार्यबल में सबसे बड़ा हिस्सा बना रहा। कुल कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 60.97 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 58.29 प्रतिशत थी। इसके उलट, पारिश्रमिक पर रखे गये श्रमिकों के हिस्से में मामूली गिरावट देखी गई। इसी अवधि में इनकी हिस्सेदारी घटकर 24.77 प्रतिशत आ गयी जो एक साल पहले इसी तिमाही में 26.86 प्रतिशत थी।

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि देखी गई

*जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाही में गैर-पंजीकृत सेवा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। प्रतिष्ठानों की संख्या और रोजगार में पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी वृद्धि हुई। प्रतिष्ठानों की संख्या में 24.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि में इस क्षेत्र में कार्यबल में 31.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।*

### ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि अधिक

गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 16.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनवरी-मार्च, 2026 के दौरान गैर-कृषि इकाइयों की अनुमानित संख्या बढ़कर 9.16 करोड़ हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 7.85 करोड़ थी। ग्रामीण क्षेत्र इस वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा, जिसमें 20.46 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

- गैर-कृषि क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 16.69 प्रतिशत की वृद्धि
- गैर-कृषि इकाइयों की अनुमानित संख्या बढ़कर 9.16 करोड़ हो गई
- ग्रामीण क्षेत्र इस वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा

### गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ा

शहरी क्षेत्र में इसी अवधि के दौरान 12.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य तिमाही में गैर-कृषि क्षेत्र में गैर-पंजीकृत इकाइयों में रोजगार 15.17 करोड़ तक पहुंच गया। यह पहली बार है जब रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ को पार कर गया। इस क्षेत्र में पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 15.51 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो विभिन्न क्षेत्रों में आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में इसके बढ़ते महत्व को बताती है।

### स्थानीय सेवाओं की बढ़ती मांग

*असंगठित अर्थव्यवस्था के भीतर सेवा क्षेत्र का यह मजबूत विस्तार इस क्षेत्र में बढ़ती उद्यमिता, रोजगार के प्रमुख चालक के रूप में इसकी बढ़ती भूमिका और स्थानीय सेवाओं की बढ़ती मांग को दर्शाता है।*

## हरियाणा में जियो भारत फोन बना मनोरंजन और डिजिटल भुगतान का नया माध्यम




**चंडीगढ़।** हरियाणा भर में क्रिकेट सीजन के बढ़ते रुझान के बीच, जियो भारत फोन, आम उपयोगकर्ताओं और छोटे व्यापारियों के लिए एक बहुउद्देशीय डिवाइस के रूप में उभरा है। यह फोन मनोरंजन, कनेक्टिविटी, उन्नत सेफ्टी शील्ड सुविधाओं और यूपीआई पेमेंट अलर्ट को सुगमता के साथ एक किफायती डिवाइस में ला कर एक लोकप्रिय साथी के रूप में उभरा है। जियो के डिजिटल इकोसिस्टम द्वारा संचालित जियो भारत, उपयोगकर्ताओं को लाइव क्रिकेट एक्शन का आनंद लेने, संगीत स्ट्रीम करने और सैकड़ों लाइव टीवी चैनलों तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाता है, जिससे यह परिवारों, युवाओं और दुकानदारों के लिए एक आकर्षक विकल्प बना हुआ है। व्यापारियों और लोकल कारोबारियों के लिए, जियो भारत फोन अपने साउंड पे फीचर के माध्यम से अतिरिक्त व्यावसायिक उपयोगिता भी प्रदान करता है, जो हैंडसेट से ही यूपीआई पेमेंट की तत्काल ऑडियो पुष्टि प्रदान करता है, जिससे अलग साउंड बॉक्स या आवर्ती किराये के शुल्क की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। जियो भारत कंपेनियन ऐप के ज़रिए, उपयोगकर्ता सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें प्रियजनों के साथ लोकेशन शेयरिंग, स्पैम कॉल से सुरक्षा, फोन बैटरी मॉनिटरिंग और ऐप उपयोग नियंत्रण शामिल हैं। एक ही 4जी फोन में मनोरंजन, टेलीकॉम सेवाओं, सुरक्षा सुविधाओं और पेमेंट सत्यापन को एकीकृत करके, जियो भारत, हरियाणा भर में किफायती डिजिटल पहुंच का विस्तार करने और डिजिटल अडॉप्शन में तेजी लाने में मदद कर रहा है।

## भारतीय कंपनियों का विदेशों में अप्रैल में निवेश हुआ दोगुना

**मुंबई।** भारतीय कंपनियों का दूसरे देशों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अप्रैल में इससे पिछले महीने की तुलना में दोगुना होकर 3.36 अरब डॉलर से अधिक रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न भू-राजनीतिक तनाव और रुपये में तेज गिरावट के बावजूद भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से कोफोर्ज के निवेश के कारण हुई। आरबीआई के अनुसार, मार्च में भारतीय कंपनियों का विदेशों में प्रत्यक्ष निवेश 1.61 अरब डॉलर था, जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2025 में यह 1.96 अरब डॉलर रहा था। अप्रैल, 2026 में शीर्ष पांच कंपनियों की हिस्सेदारी इक्विटी के जरिये कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में करीब 86 प्रतिशत रही। इसमें कोफोर्ज के दो निवेश सौदे शामिल हैं, जिनकी राशि क्रमशः 1.37 अरब डॉलर और 99.4 करोड़ डॉलर रही। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, कोफोर्ज के बाद ल्यूपिन का निवेश 22.9 करोड़ डॉलर, विंगिफाई सॉफ्टवेयर का 15.68 करोड़ डॉलर, नैक ग्लोबल का 8.29 करोड़ डॉलर और क्लार टेक्नोलॉजी इंडिया का 5.40 करोड़ डॉलर रहा।



## रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा

**मुंबई।** भू-राजनीतिक तनाव में कमी के संकेतों और केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपया बृहस्पतिवार को सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा और अंत में 49 पैसे मजबूत होकर 96.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालिया भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद रुपये में मजबूती आई है। हालांकि, निवेशक अब भी भू-राजनीतिक जोखिम और तेल की कीमतों को लेकर सतर्क हैं। उन्होंने बताया कि एक साल के 'फॉरवर्ड' बाजार में रुपये की दर बुधवार को महत्वपूर्ण 100 प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गई थी। यह संकेत देता है कि बाजार पहले से ही अगले 12 महीनों में डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर रहने का अनुमान जता रहा है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 135 अंक टूटा

- मुनाफावसूली से निफ्टी मामूली चार अंक गिरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को शुरुआती तेजी जाती रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 135 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में चार अंक की मामूली गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,945.79 अंक तक गया और नीचे में 74,996.78 अंक तक आया। यानी इसमें 949.01 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 4.30 अंक



की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं।

**एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख**

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को काफी बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## सोना 600 रुपये मजबूत, चांदी में 5,000 रुपये का रहा उछाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं और चांदी भी 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। भू-राजनीतिक तनाव के बीच कारोबारी कीमती धातुओं को लेकर सतर्क रूप से आशावादी बने रहे। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, लगातार तीसरे सत्र में बढ़त जारी रखते हुए, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 600 रुपये बढ़कर 1,65,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो बुधवार के बंद भाव 1,64,900 रुपये से अधिक है। इस कीमती धातु की कीमतों में पिछले तीन सत्रों में कुल 2,700 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताओं ने अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में मजबूती के बावजूद, इस धातु की खरीद को समर्थन दिया। बाजार के जानकारों के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी सुधार देखने को मिला और इसकी कीमत 5,000 रुपये उछलकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इस सस्ते भाव पर खरीदारी और औद्योगिक मांग में सुधार के रुख से मदद मिली। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी बाधाओं को लेकर चिंताओं ने कीमती धातुओं की मांग को लगातार बनाए रखा।

## मारुति सुजुकी की कारें जून से 30,000 रुपये तक होंगी महंगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया बढ़ती मुद्रास्फीति और लागत में बढ़ोतरी के कारण जून, 2026 से अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने अपने पूरे मॉडल पोर्टफोलियो में वाहनों की कीमतों में जून से 30,000 रुपये तक की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने कहा, ''पिछले कुछ महीनों से लागत में बढ़ोतरी के प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी लागत कटौती उपायों के जरिये लगातार प्रयास कर रही है।'' कंपनी ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव अब ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है और प्रतिकूल माहौल लगातार बना हुआ है। ऐसे में बढ़ी हुई लागत का एक हिस्सा बाजार पर डालना आवश्यक हो गया है, जबकि ग्राहकों पर इसका प्रभाव न्यूनतम रखने का प्रयास जारी रहेगा। मारुति सुजुकी इंडिया फिलहाल शुरुआती श्रेणी की मारुति सुजुकी एस-प्रेसो से लेकर प्रीमियम यूटिलिटी इनविक्टो बेचती है। इनकी शोरूम कीमत 3.49 लाख रुपये से 28.7 लाख रुपये के बीच है। हाल के दिनों में कंपनी के अधिकारियों ने बढ़ती लागत, विशेष रूप से कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण वाहनों के दाम बढ़ने के संकेत दिए थे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर०संचार अभि० / प्रोजेक्ट यूनिट दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T. No. | Project_DLI_SNT_26_08 dated 21.05.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के अंतर्गत दिल्ली-बठिंडा, सोनीपत-गोहाना और शामली-टपरी सेक्शन में TVU>10000 वाले लेवल क्रॉसिंग (LC) गेटों के इंटरलॉकिंग के लिए (सिग्नल एंड टेलीकॉम) कार्यों के लिए टेंडर। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 2,86,53,570.90/- |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 573100/- |
| 5. | समापन अवधी | 12 महीने |
| 6. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 12.06.2026 को 11.30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 12.06.2026 को 11.30 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्याः- Project_DLI_SNT_26_08 dated 21.05.2026 1718/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में 70 स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस टी बी ए) की नियुक्ति हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी)। इन स्टेशनों में 23 एन एस जी-5 श्रेणी के स्टेशन तथा 47 एन एस जी-6 श्रेणी के स्टेशन सम्मिलित हैं, अर्थात कुल 70 "एस टी बी ए" नियुक्त किए जाने प्रस्तावित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा संख्या | C6/STBA/Tender/2026 |
| 2. | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के 70 स्टेशनों पर जिसमे 23 एन एस जी-5 श्रेणी के स्टेशन तथा 47 एन एस जी-6 श्रेणी के स्टेशन पर कुल 70 एस टी बी ए द्वारा कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यु.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु तीन वर्ष के लिए संविदा एस.टी.बी.ए.के नियुक्ति हेतु निविदा। |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | मूल्य रु. 1000/- + 18% GST= रु. 1180 /- (रुपए एक हज़ार एक सौ अस्सी मात्र) |
| 4. | धरोहर राशि (EMD) | रु. 2,000/- (रु.दो हज़ार मात्र) NSG-6 श्रेणी और रु. 5000 /- (रु. पाँच हज़ार मात्र) NSG-5 श्रेणी के स्टेशन के लिए। |
| 5. | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है) | वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली-110055 से सभी कार्य दिवस में दिनांक 21.05.2026 से 10.06.2026 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर और दिनांक 11.06.2026 को 14:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। |
| 6. | निविदा का प्रकार | खुली निविदा |
| 7. | निविदा जमा करने तथा खुलने की तिथि व समय | 11.06.2026 को 15:00 बजे तक निविदा, निविदा कक्ष वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली-110055 में प्राप्त की जायगी तथा तुरंत बाद उसी दिन को 15:10 बजे निविदा खोली जाएगी। |
| 8. | सम्पूर्ण निविदा सुचना कहाँ देखी जा सकती है | निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। |

File No.C6/STBA/Tender/2026) 1717/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAJ0531-YOM- 2022
2) TATA MOTORS TSIGNA5530 REG. NO. HR38AE9815-YOM -2022
3) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. DL1MB3459-YOM- NA
4) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAL6080-YOM -2023
5) TATA MOTORS TATAMOTORS REG. NO. DL1LAL3940-YOM- 2023
6) TATA MOTORS TATAACE REG.NO. DL1LAJ9556- YOM -2023
7) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAN2684-YOM -2024
8) BHARATBENZ BB5428T REG. NO. UP11CT2893-YOM -2022
9) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAH9652-YOM -2022
10) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAM9813-YOM -2024
11) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAQ2728-YOM- NA
12) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAJ2400-YOM- 2021
13) TATA MOTORS TATALPT710 REG. NO. DL1LAJ6336-YOM -2023
14) ASHOK_LEY AL2820FB REG. NO. UP16KT5666-YOM -2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7,
SECTOR 125,NOIDA-201313
OR CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL-raman.ahuja@kotak.com

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कर्ज न चुकाने पर आपका मोबाइल ब्लॉक नहीं कर पाएंगे बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बकाया कर्ज की वसूली के दौरान सख्त और अनुचित तरीकों पर रोक लगाने के लिए नए नियम प्रस्तावित किए हैं। इसके तहत बैंक चूककर्ता उधारकर्ताओं के मोबाइल फोन की सेवाओं को बंद या सीमित नहीं कर सकेंगे। केंद्रीय बैंक ने जारी संशोधित मसौदा दिशानिर्देशों में कहा कि कोई भी बैंक कर्ज वसूली के लिए ऐसी प्रौद्योगिकी व्यवस्था का इस्तेमाल नहीं कर सकता, जिससे उधारकर्ता के मोबाइल फोन या टैबलेट की कार्यक्षमता बाधित हो। हालांकि, आरबीआई ने इस नियम के अपवाद के तौर पर कहा है कि यदि मोबाइल फोन को खुद बैंक द्वारा आवंटित कर्ज से ही खरीदा गया है, तो बैंक उसकी कुछ सुविधाओं को सीमित कर सकता है। इसके लिए भी शर्त यह है कि मोबाइल फोन का वह ऋण 90 दिन से अधिक समय तक बकाया हो और उधारकर्ता ने नोटिस के बावजूद भुगतान न किया हो। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा है कि बैंक किसी प्रौद्योगिकी की मदद से इंटरनेट, इनकमिंग कॉल, आपातकालीन एसओएस और सरकारी सुरक्षा संदेश जैसी जरूरी सेवाओं को बाधित नहीं कर सकेंगे।

## देश में बिजली की मांग ने चौथे दिन बनाया रिकॉर्ड स्तर 270.82 गीगावाट तक

**नई दिल्ली।** देश में पारा चढ़ने के साथ बृहस्पतिवार को बिजली की अधिकतम मांग लगातार चौथे दिन रिकॉर्ड स्तर 270.82 गीगावाट तक पहुंच गई। विद्युत मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 265.44 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर रही थी। इससे पहले विद्युत मंत्रालय ने इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान जताया था। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज (बृहस्पतिवार) लगातार चौथे दिन बिजली की अधिकतम मांग अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। दोपहर 3.45 बजे बिजली की अधिकतम मांग 270.82 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही। इस मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।'' मंत्रालय ने यह भी कहा कि देशभर में मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए घर और दफ्तर को ठंडा रखने के लिए कूलर, एसी के बढ़ते उपयोग से मांग में वृद्धि हुई है। बृहस्पतिवार की अधिकतम मांग को पूरा करने में तापीय ऊर्जा का योगदान सबसे अधिक 62.8 प्रतिशत रहा।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## एलआईसी का मुनाफा 23% बढ़कर 23,420 करोड़ रुपए...

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये रहा है। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 19,013 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,53,592 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान अवधि में 2,22,805 करोड़ रुपये थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | एम.सी. भिवानी में राजीव कॉलोनी चौक (निकट नेताजी सुभाष चन्द्र ग्रीन बैल्ट) से रेलवे फाटक सेक्टर-13 तक रोड का निर्माण + 8 कार्य। | 20.05.2026 01.06.2026 | रु. 1593.36 लाख | http://works.haryana.gov.in | 99966295555 me.mcbhiwani@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45431/I/88/7 दि. 21.05.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | कैम्पस स्कूल एमडीयू रोहतक में बहुउद्देश्यीय हॉल की तरफ पार्किंग एरिया और मौजूदा पाथ वे पर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक की फिक्सिंग। | 20.05.2026 09.06.2026 | रु. 7.14 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45432/I/88/7 दि. 21.05.26

## शब्द पहेली - 6233



**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6232 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 16 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 6 | 13 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| लखनऊ | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु


# आईपीएल के नए 'सिक्सर किंग' वैभव, खतरे में क्रिस गेल का रिकॉर्ड, रसेल-पूरन पड़े फीके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे 15 साल के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल का इतिहास पलट दिया है। वैभव ने अपनी खतरनाक बल्लेबाजी से कोहराम मचा रखा है। 19 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 38 गेंदों पर 93 रनों तूफानी पारी खेली। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी के बल्ले से 10 गगनचुंबी छक्के आए। वैभव सूर्यवंशी अपना तीसरा आईपीएल शतक पूरा करने से सिर्फ 7 रन दूर रह गए। इसके बावजूद उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड कायम कर दिए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने इस पारी के बाद मौजूदा आईपीएल सीजन में अपने 53 छक्के पूरे कर लिए हैं।

वह आईपीएल इतिहास के पहले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने एक सीजन में 50 छक्कों का आंकड़ा पार किया है। इससे पहले आईपीएल में एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम दर्ज था। उन्होंने अभिषेक शर्मा ने 2024 के आईपीएल सीजन में 42 छक्के लगाए थे।





एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| क्रिस गेल | 59 |
| वैभव सूर्यवंशी | 53 |
| आंद्रे रसेल | 52 |
| क्रिस गेल | 51 |
| जोस बटलर | 45 |

### वैभव सूर्यवंशी ने रसेल बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा

राजस्थान रॉयल्स के वंडर बॉय वैभव सूर्यवंशी ने सिक्स लगाने के मामले में आंद्रे रसेल और जोस बटलर जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 13 मैचों में 53 छक्के लगा चुके हैं। आंद्रे रसेल कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व ऑलराउंडर ने साल 2019 में 52 छक्के लगाए थे। वहीं, जोस बटलर ने 2022 में कुल 46 छक्के जड़े थे। अब वैभव सूर्यवंशी ने इन सभी दिग्गजों को पछाड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। अब सिर्फ वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल उनसे आगे हैं।

### क्रिस गेल का टूटेगा रिकॉर्ड?

वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। क्रिस गेल ने साल 2012 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए 59 छक्के लगाए थे। पिछले 14 सालों से क्रिस गेल का यह रिकॉर्ड कोई तोड़ नहीं पाया है। अब 15 साल का बल्लेबाज इस महारिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है।

### वैभव के पास अभी कई मौके हैं बल्लेबाजी के

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 13 मैचों में 53 छक्के लगा दिए हैं। अभी राजस्थान रॉयल्स लीग स्टेज में एक मैच खेलने वाली है। अगर राजस्थान की टीम प्लेऑफ में जाती है, तो वैभव सूर्यवंशी को ज्यादा पारियां खेलने का मौका मिलेगा। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी को 1-2 पारियां खेलने को मिल सकती हैं। अगर वैभव सूर्यवंशी अगले मैच में 7 छक्के लगा देते हैं, तो वह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

## खबर संक्षेप



### सुपर शतरंज क्लासिक प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को रोमानिया के खिलाड़ी डियाक बोगदान डेनियल ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरौजा ने छठे दौर में आखिरकार ग्रैंड शतरंज टूर के सुपर शतरंज क्लासिक से हटने का फैसला किया। फिरोजा के हटने से जर्मनी के विंसेंट कीमर को फायदा हुआ क्योंकि इस दौर में 'वॉक ओवर' मिलने के बाद उन्होंने अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ा लिया। जबकि बाकी सभी गेम ड्रॉ रहे, कीमर 4.5 अंक के साथ अकेले शीर्ष पर बरकरार हैं। 10 खिलाड़ियों के इस नौ दौर वाले टूर्नामेंट में अभी तीन दौर बाकी हैं। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 3,75,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें विजेता को 1,00,000 डॉलर मिलेंगे।

### पंड्या पर जुर्माना गिल्ली गिराने पर एक डिमेरिट अंक मिला



**कोलकाता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान क्रिकेट के सामान का गलत इस्तेमाल करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुधवार को हुए इस मैच के दौरान पंड्या ने निराशा में विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं उन्हें आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप पर वापस जाते समय विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं। '' आईपीएल में चार से सात डिमेरिट अंक जमा होने पर एक मैच का निलंबन लगता है।

### अंडर 18 एशिया कप हॉकी में केतन होंगे कप्तान



**भोपाल।** हॉकी इंडिया ने जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरूष अंडर 18 एशिया कप के लिये 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जिसके कप्तान केतन कुशवाहा होंगे । टीम का चयन कोच सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा की देखरेख में हुए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया। भारतीय टीम ने तैयारियों के लिये यहां आस्ट्रेलिया अंडर 18 टीम के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेली जिसमें दो मैच ड्रॉ रहे, एक जीता और एक गंवाया। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत को पूल ए में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपै और कजाखस्तान के साथ रखा गया है। भारत को 29 मई को कजाखस्तान से, 31 मई को जापान से, एक जून को दक्षिण कोरिया और तीन जून को चीनी ताइपै से खेलना है।

## सुदर्शन, गिल और बटलर के अर्धशतक, तीन गेंदबाजों को 3-3 विकेट

*गुजरात ने 89 रन से हराया, सिराज बने मैन आफ द मैच*

# पांच बार की चैंपियन सुपर किंग्स प्लेऑफ रेस से बाहर



भाषा ▶▶| अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाजों साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी के बाद मोहम्मद सिराज और राशिद खान की धारदार गेंदबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 89 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह बरकरार रखी। इस जीत से टाइटंस के 14 मैच में 18 अंक हो गए हैं और टीम दूसरे स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भी 13 मैच में 18 अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण वह शीर्ष पर है। इस हार के साथ सुपरकिंग्स की नॉकआउट में जगह बनाने की रही सही उम्मीद भी खत्म हो गई। टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। टाइटंस के 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम सिराज (26 रन पर तीन विकेट), राशिद (18 रन पर तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (32 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 13.4 ओवर में 140 रन पर ढेर हो गई। सुपरकिंग्स की ओर से शिवम दुबे (47 रन, 17 गेंद, चार छक्के, चार चौके) शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा सिर्फ सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट (24) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। टाइटंस ने सुदर्शन (84 रन, 53 गेंद, सात चौके, चार छक्के) और गिल (64 रन, 37 गेंद, सात चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 229 रन बनाए। सुदर्शन ने जोस बटलर (नाबाद 57 रन, 27 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 82 रन की साझेदारी की। सुपरकिंग्स की ओर से मुकेश चौधरी (36 रन पर एक विकेट), स्पेंसर जॉनसन (47 रन पर एक विकेट) और अंशुल कंबोज (56 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।




### बेंगलुरु व हैदराबाद के बीच मैच आज शाम 7:30 बजे

**हैदराबाद।** गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब शुक्रवार को यहां अपने आखिरी आईपीएल लीग मैच में आमने-सामने होंगी तो दोनों की कोशिश शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। आरसीबी अभी अंक तालिका में 18 अंक लेकर शीर्ष पर है और 10 टीम में उसका नेट रन रेट 1.065 सबसे अच्छा है। शुक्रवार को जीत उसे पहला स्थान और फाइनल में पहुंचने के दो मौके दिला देगी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 13 मैच में 16 अंक से तीसरे स्थान पर है और गुजरात टाइटन्स के बराबर है, लेकिन नेट रन रेट के मामले में पीछे है। सनराइजर्स हैदराबाद का नेट रन रेट 0.350 है जबकि गुजरात टाइटन्स का 0.400 है। शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए उसे आरसीबी को बड़े अंतर से हराना होगा।

फेडरेशन कप

# राष्ट्रमंडल खेलों में जगह बनाने उतरेंगे एथलीट

एजेंसी ▶▶| रांची



देश के शीर्ष ट्रैक और फील्ड सितारे यहां आज शुक्रवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय सीनियर फेडरेशन कप के जरिये 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में जगह पाने के लिये राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे।

यह टूर्नामेंट इसलिये भी अहम है क्योंकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 'एसआरवाय जीन टेस्ट' करायेगा ताकि जैविक रूप से महिला प्रतियोगी ही महिला वर्ग में उतर सकें। यह 'स्वैब' या रक्त की जांच के जरिये कराया जायेगा। एएफआई भारतीय खिलाड़ियों के डीएनए टेस्ट भी शुरू करेगा ताकि ये आंकड़े बाद में अनुसंधान और विकास के काम आ सके। एसआरवाय टेस्ट और डीएनए टेस्ट के नतीजे और रिकॉर्ड गोपनीय रखे जायेंगे।

### कई मायनों में अहम है यह टूर्नामेंट

*ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का अंतिम चयन टूर्नामेंट होने के अलावा यह चीन में नौ से 12 जुलाई तक होने वाली पहली एशियाई अंडर 23 चैम्पियनशिप का ट्रायल भी होगा। इसमें ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले भाग नहीं लेंगे। चोपड़ा ने पिछले पांच साल में एक ही बार राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला है। वह डायमंड लीग और विश्व चैम्पियनशिप जैसे बड़े टूर्नामेंटों में भाग लेते हैं। उन्होंने आखिरी बार 2024 में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में भाग लिया था। कमर की चोट से उबर रहे चोपड़ा 25 मई से स्विटजरलैंड में 47 दिवसीय अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। साबले भी चोट से उबर रहे हैं।*

### कई खिलाड़ी बाहर, कई अंदर

*महिला 3000 मीटर स्टीपलचेस राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारूल चौधरी ने टूर्नामेंट में नाम नहीं लिखवाया है। लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और फर्राटा धाविका हिमा दास भी इसमें भाग नहीं लेंगे। भालाफेंक खिलाड़ी सचिन यादव, लंबी कूद के मुरली श्रीशंकर, फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर, रिले धावक विशाल टीके, डेकाथलन के तेजस्विन शंकर इसमें नजर आयेंगे।*

# एस्टन विला ने 30 साल बाद जीती यूरोपा लीग

## ट्रॉफी मिलने का मनाया जश्न



एजेंसी ▶▶| इस्तांबुल

एस्टन विला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां फ्रीबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग खिताब जीत लिया और 30 साल से चले आ रहे ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। विला के समर्थक प्रिंस विलियम ने मैच खत्म होने की सीटी बजते ही जीत का जोर शोर से जश्न मनाया। 1996 के इंग्लिश लीग कप के बाद यह पहला मौका था जब एस्टन विला ने कोई बड़ा खिताब जीता है। इंग्लैंड के भावी 'किंग' के सामने एस्टन विला के मैनेजर उनाई एमरी ने यूरोपा लीग के राजा के तौर पर अपना दर्जा फिर से साबित कर दिया।

### एमरी का यह पांचवा खिताब

एमरी का यह रिकॉर्ड पांचवां खिताब है। एस्टन विला की पिछली बड़ी ट्रॉफी 1996 में इंग्लिश लीग कप थी। क्लब ने 1982 में यूरोपीय कप और फिर सुपर कप जीता था। इस तरह पहली बार यूरोपीय कप जीतने के बाद यह ट्रॉफी 44 साल बाद मिली। एमरी ने नवंबर 2022 में स्टीवन जेरार्ड की जगह ली थी, उस समय विला 'रेलिगेशन जोन' से सिर्फ तीन अंक ऊपर था। स्पेनिश कोच एमरी ने टीम को बदलकर शीर्ष पांच दावेदारों में शामिल कर दिया और अब, उसे एक यूरोपीय चैंपियन बना दिया है।

### ईस्ट बंगाल बना आईएसएल चैंपियन

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल एफसी बृहस्पतिवार को यहां पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल चैंपियन बना। इसके साथ ही देश की इस शीर्ष टियर प्रतियोगिता में उसका 22 साल से चला आ रहा खिताब का सूखा खत्म हो गया। खिताब के लिए शीर्ष पांच टीम के बीच हुए रोमांचक मुकाबले के बीच ईस्ट बंगाल ने बाजी मारी। ईस्ट बंगाल ने किशोर भारती क्रीड़ांगन में इंटर काशी पर कड़े मुकाबले में 2-1 की जीत के साथ खिताब अपने नाम किया। वहीं मोहन बागान ने युवा भारती क्रीड़ांगन में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली को 2-1 से हराया।

# डोपिंग में बनवीर सात और हरेंद्र दूसरी बार चार साल के लिए निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चक्का फेंक खिलाड़ी बनवीर सिंह को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अपील पैनल ने डोप परीक्षण में विफल होने के कारण सात साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। यह सजा अनुशासनात्मक समिति द्वारा दी गई सजा से दो साल अधिक है। पिछले साल नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन समिति ने बनवीर को स्टेरॉयड मेथैंडिएनोन के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर 23 दिसंबर 2024 से पांच साल के लिए निलंबित कर दिया था। एडीएपी ने ताजा अपडेट में प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी है। इसके अलावा लंबी दूरी के धावक हरेंद्र कुमार को इस साल दो अगस्त से चार साल के लिए एक बार फिर निलंबित किया गया है। उन्हें इससे पहले एडीडीपी द्वारा तीन अगस्त 2022 से चार साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। जब वह प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे।



मलेशिश की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया

# अष्मिता मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में





एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

अष्मिता चालिहा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि भारत के बाकी खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए। अष्मिता ने मलेशिश की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया। अब उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन होजमार्क जाएर्सफेल्ट से होगा जिन्होंने भारत की मालविका बंसोड़ को हराया।

**अन्य मुकाबलों में ऐसा रहा प्रदर्शन :** महिला एकल वर्ग के एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड मास्टर्स चैम्पियन देविका सिहाग को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन युफेइ ने 21-16, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में भाग के सात्विक कनापुरम और राधिका शर्मा भी अमेरिका के प्रेसले स्मिथ और जेनी गेइ से 12-21, 25-27 से हार गए । पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और एम आर अर्जुन को चीन के हू कि युआन और लिन शियांग ने 21-14, 21-15 से हराया- लक्ष्य सेन और एच एस प्रणय कल ही हारकर बाहर हो गए थे।

हरियाणा के शाहाबाद मारकंडा में तराशे जाते हैं बेहतरीन खिलाड़ी

# हॉकी कोच बलदेव सिंह ने बनाई देश की सबसे बड़ी हॉकी पाठशाला, दिए 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिट्टी से सितारे तराशने वाले लोग रोज पैदा नहीं होते। भारतीय हॉकी में बलदेव सिंह ऐसा ही नाम है, जिन्होंने हरियाणा के शाहाबाद मारकंडा को देश की सबसे बड़ी हॉकी पाठशाला बना दिया।

1982 में बलदेव यहां हरियाणा खेल विभाग के कोच बनकर आए थे। अपनी मेहनत और अनुशासन से उन्होंने 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और 8 भारतीय कप्तान तैयार किए। अब उनके इसी अतुलनीय योगदान के लिए 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों 'पद्मश्री' सम्मान मिलेगा।



### ऐसे बने बलदेव भारतीय टीम के कोच

75 वर्षीय बलदेव नामधारी हॉकी टीम के खिलाड़ी रहे थे। बाद में उन्होंने बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल संस्थान से कोचिंग का डिप्लोमा किया। इसके बाद भारतीय हॉकी टीम में उनका सफर तेजी से आगे बढ़ा। 1993 में वह जूनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच और चयनकर्ता बने। 1996 में चेन्नई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम के सहायक कोच भी रहे। इसके बाद 2001 से 2004 तक उन्होंने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली।

### भारत को दिलाया 2004 एशिया कप का स्वर्ण पदक

*बलदेव की देखरेख में भारत ने 2004 में एशिया कप का स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने नीदरलैंड में हुई चैंपियंस ट्रॉफी समेत कई बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभाई। पिछले 40 सालों से वह बिना किसी शोर-शराबे के भारतीय हॉकी के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कोचिंग के अलावा उन्होंने कई विश्वविद्यालयों और खेल संस्थानों के साथ मिलकर युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और नई प्रतिभाओं को निखारने में भी अहम भूमिका निभाई है।*




## पांच देशों की यात्रा में पीएम मोदी ने दिए खास उपहार

# भारत की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कला को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली, कई जीआई उत्पादों का विशेष महत्व बतलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की अपनी पांच देशों की यात्रा पूरी कर ली। इस दौरे के दौरान भारत की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली। पीएम मोदी ने विभिन्न देशों के नेताओं को भारत की विविध परंपराओं और हस्तशिल्प से जुड़े खास उपहार भेंट किए।

### इटलीः पीएम मेलोनी को मूगा सिल्क स्टोल



इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को पीएम मोदी ने असम की प्रसिद्ध मूगा सिल्क स्टोल भेंट की। गोल्डन सिल्क के नाम से मशहूर मूगा सिल्क पूर्वोत्तर भारत की ब्रह्मपुत्र घाटी की एक दुर्लभ और प्रतिष्ठित पारंपरिक विरासत मानी जाती है। मूगा सिल्क दुनिया के सबसे मजबूत प्राकृतिक रेशों में गिनी जाती है और इसकी चमक समय के साथ और निखरती जाती है।

### शिरुई लिली सिल्क भी की भेंट



पीएम मोदी ने मेलोनी को शिरुई लिली सिल्क स्टोल भी भेंट की। यह स्टोल मणिपुर के शिरुई काशोंग पर्वत की धुंध भरी पहाड़ियों से प्रेरित है। इसका डिजाइन दुर्लभ शिरुई लिली फूल पर आधारित है, जो हल्के गुलाबी-सफेद रंग की घंटी के आकार वाली एक विशेष प्रजाति है और दुनिया में केवल मणिपुर में ही पाई जाती है।

### इटलीः राष्ट्रपति सर्जियो को मार्बल इनले वर्क बॉक्स



इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला को पीएम मोदी ने आगरा की प्रसिद्ध पच्चीकारी कला से बना मार्बल इनले वर्क बॉक्स और पंडित भीमसेन जोशी व एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की सीडी भेंट की। पच्चीकारी या पिएत्रा ड्यूरा कला की शुरुआत इटली के फ्लोरेंस शहर से मानी जाती है, जो बाद में भारत में शाही संरक्षण के तहत विकसित हुई।

### यूएईः राष्ट्रपति नाहयान को गुजराती केसर आम



संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को पीएम मोदी ने गुजरात के जीआई टैग वाले केसर आम भेंट किए। क्वीन ऑफ मैंगोज कहलाने वाला यह आम गुजरात के जूनागढ़ क्षेत्र से जुड़ा है और अपने केसरिया रंग, बिना रेशों वाले गूदे और खास सुगंध के लिए प्रसिद्ध है।

### यूएई के क्राउन प्रिंस को दी कटार



यूएई के क्राउन प्रिंस को पीएम मोदी ने राजस्थान की पारंपरिक कोफ्तगिरी कला से सजी औपचारिक कटार भेंट की। यह विशेष कटार भारत की युद्धक और कलात्मक विरासत का प्रतीक मानी जाती है। उदयपुर के सिकलीगर और पारंपरिक धातु शिल्पकार इस कला में स्टील पर सोने और चांदी की महीन तारों से फूलों और ज्यामितीय आकृतियों की नक्काशी करते हैं।

### पीएम स्टोरे को ऑर्किड पेंटिंग



नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोरे को पीएम मोदी ने प्रेस्ड ऑर्किड पेंटिंग और ऑर्किड पेपरवेट्स उपहार में दिए। सिक्किम की धुंध भरी घाटियों से लाए गए असली ऑर्किड और फर्न से तैयार ये कलाकृतियां पूर्वी हिमालय की जैव विविधता को दर्शाती हैं।

### नीदरलैंडः पीएम जेटेन को मधुबनी पेंटिंग



पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन को मछली की आकृति वाली मधुबनी पेंटिंग भेंट की। मिथिला क्षेत्र की जीआई-टैग्ड मधुबनी कला अपनी ज्यामितीय आकृतियों और चमकीले रंगों के लिए प्रसिद्ध है। पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा बनाई जाने वाली यह कला त्योहारों, विवाह और धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होती रही है। भारतीय लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित इस कला में फूल, पेड़, पक्षी और मछली जैसे प्रतीकों का विशेष महत्व होता है।

## अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स समिट

# अमेरिकी से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश दोनों देशों के बीच 'विश्वास' का प्रतीकः गोयल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां आयोजित अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदार के रूप में काम कर रहे हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग, विश्वास तथा साझा आर्थिक हित लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, रक्षा, डिजिटल डेटा केंद्र, क्वांटम कंप्यूटिंग और चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी उद्योग से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है। इसमें अमेजन और गूगल जैसी कंपनियों के बड़े डेटा सेंटर निवेश शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों को विश्वसनीय ढांचा, विशाल बाजार, प्रतिभाशाली मानव संसाधन और बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध करा रहा है।

पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका ऐसे साझेदार की तलाश में है जो समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करा सके और भारत ने यह क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करते हुए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं में प्रतिस्पर्धा कम और पूरकता अधिक है, जिससे भविष्य की मजबूत और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण संभव हो रहा है।

## ईरान ने ट्रंप की मांग की खारिज

# मोजतबा खामनेई बोले- संवर्धित यूरेनियम का भंडार नहीं सौंपेगे



डोनाल्ड ट्रंप



मोजतबा खामनेई

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

तेहरान और वाशिंगटन के बीच कूटनीतिक तनाव जारी है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने आदेश दिया है कि संवर्धित यूरेनियम का भंडार देश से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस तरह उन्होंने अमेरिका के शांति वार्ता में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख मांग को खारिज कर दिया है। दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि दबाव और युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईरान ने लगातार अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव प्रयास किया है, हमारी ओर से सभी रास्ते खुले हैं। ईरान हमेशा बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है, लेकिन जबरदस्ती आत्मसमर्पण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### समझौता नहीं तो कड़ी कार्रवाई तयः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ अंतिम चरण में है और यदि ईरान ने डील पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो अमेरिका कठोर और अप्रिय कदम उठा सकता है। ट्रंप ने कहा कि हम ईरान के साथ अंतिम चरण में हैं। देखते हैं क्या होता है। या तो वे एक डील करेंगे या फिर हम कुछ ऐसी चीजें करेंगे जो थोड़ी कठोर होंगी, लेकिन उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा।

#### युद्ध के लिए अड़े नेतन्याहू

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सख्त रुख अपनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि वह तब तक शत्रुता समाप्त करने पर विचार नहीं करेंगे, जब तक संवर्धित यूरेनियम को पूरी तरह ईरानी नियंत्रण से बाहर नहीं कर दिया जाता है, जब तक ईरान अपने समर्थित क्षेत्रीय लड़ाकू समूहों को वित्तीय समर्थन देना पूरी तरह बंद नहीं करता है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता है।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109